राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 29
लखनऊ, शनिवार 27 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों को लेकर फैसला, कमेटी में होगा शासन का एक प्रतिनिधि : योगेंद्र 03

विधायक ने किया जन आरोग्य केंद्र मेडिकल स्टोर का शुभारंभ 10

### षष्ठं कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी
दानवघातिनी॥

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। महर्षि कात्यायन ने पुत्री प्राप्ति की इच्छा से मां भगवती की कठिन तपस्या की। तब देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। जिससे इनका यह नाम पड़ा। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने कालिंदी यमुना के तट पर इनकी पूजा की थी। अच्छे पति की कामना से कुंवारी लड़कियां इनका व्रत रखती हैं।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,15,030/ |
| 22 कैरेट | = | 1,05,450/ |
| 18 कैरेट | = | 86,310/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,43,000/ |



## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पर्यटन, शिक्षा व विकास को नई दिशा

▸ ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे, तीन प्राइवेट यूनिर्सविसिटी को हरी झंडी

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पेश किया गया। इन प्रस्तावों में पर्यटन, शिक्षा, खनन, कृषि, बुनियादी ढांचा, और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने की योजनाएं शामिल हैं। ये फैसले राज्य को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह जानकारी प्रदेश सरकार की ओर से दी गई है। उज्ज्वला योजना अंतर्गत दीपावली पर निःशुल्क सिलेंडर दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

पर्यटन नीति 2025 को हरी झंडी यूपी सरकार के मीडिया सेल के अनुसार, कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पर्यटन सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी दी। इस नीति का लक्ष्य पर्यटन को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना, और अयोध्या, वाराणसी, मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के साथ अन्य पर्यटक स्थलों को विकसित करना है। इससे पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा, और आकर्षक अनुभव सुनिश्चित होंगे।

**न्याय और सुरक्षा व्यवस्था :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना हेतु इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए सेंटेज चार्ज भी स्वीकृत किया गया।

**नगर विकास और पर्यावरण :** नगर विकास विभाग ने पालिका (केन्द्रीयित) सेवा नियमावली 1966 के 29वें संशोधन को मंजूरी दी. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने पर्यावरण (राजपत्रित) सेवा नियमावली 1995 में संशोधन को हरी झंडी दी।

**सामाजिक कल्याण और उद्योग :** समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति, जनजाति, और अन्य वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए पोर्टल खोलने और बजट की व्यवस्था को मंजूरी दी. हथकरघा विभाग ने संत कबीर टेक्सटाइल पार्क योजना के दिशा-निर्देश स्वीकृत किए. साथ ही, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने सेमीकंडक्टर नीति 2024 के तहत मेसर्स वामासुंदरी इन्वेस्टमेंट्स को संशोधित लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी करने का फैसला लिया।

**लोक निर्माण और बजट :** लोक निर्माण विभाग ने 2024-25 में विभिन्न परियोजनाओं के लिए बजट व्यवस्था और स्वीकृतियों को मंजूरी दी. ये फैसले सड़क, पुल, और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गति देंगे। इन फैसलों से उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास, शिक्षा, और रोजगार के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। ये कदम राज्य को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**बुनियादी ढांचे का विकास :** वहीं, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए फर्रुखाबाद के रास्ते ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को मंजूरी मिली। साथ ही, रामपुर, अयोध्या, लखनऊ, और बागपत में नए शहरों के विकास के लिए धनराशि स्वीकृत की गई।

#### शिक्षा क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालयों को बढ़ावा

कैबिनेट में उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी मिली. चन्दौसी (संभल) में राधा गोविंद विश्वविद्यालय, झांसी में गांधी विश्वविद्यालय, और फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय के लिए प्रायोजक संस्थाओं को आशय-पत्र जारी किए जाएंगे। ये विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को बढ़ाने में मदद करेंगे।

#### खनन क्षेत्र में आधुनिकीकरण

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के तहत उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (तृतीय संशोधन) नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई। साथ ही, नदी तल और चट्टान खनिजों के खनन के लिए ई-निविदा और ई-नीलामी प्रणाली लागू होगी। इसके लिए एमएसटीसी लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

#### कर्मचारी और प्रशासनिक सुधार

कार्मिक विभाग ने सेवाकाल में मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों की भर्ती नियमावली (14वां संशोधन) 2025 और लोक सेवा आयोग (कंप्यूटर अनुभाग) सेवा नियमावली (प्रथम संशोधन) 2025 को मंजूरी दी। ये बदलाव प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और पारदर्शी बनाएंगे।

#### कृषि और खाद्य क्षेत्र में सुधार

कैबिनेट मीटिंग में खाद्य व रसद विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान और मोटे अनाज (मक्का, बाजरा, ज्वार) की खरीद नीति तय की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 2025-26 में दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। सहकारी संस्थाओं जैसे पीसीएफ, पीसीयू, और यूपीएसएस को धान खरीद के लिए अल्पकालिक ऋण लेने हेतु शासकीय गारंटी भी दी जाएगी।

## फर्रुखाबाद सदर विधायक को छः माह का कारावास

▸ आचार संहिता/कोविड महामारी के उल्लंघन का मामला

समृद्धि न्यूज



सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी

**फर्रुखाबाद ।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विशेष एमपी/एमएलए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने फर्रुखाबाद सदर के भारतीय जनता पार्टी के विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को आचार संहिता व कोविड महामारी उल्लंघन के मामले में छः माह का कारावास व 3200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते तीन वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ के सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने दी गई तहरीर में बताया कि वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव नामांकन प्रकिया के समय 27 जनवरी 2022 को अपनी चौकी सिविल लाइन क्षेत्र में भ्रमण शील था। समय करीब दो बजे भारतीय जनता पार्टी के सदर क्षेत्र के प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा नामांकन के बाद अपने लगभग तीस अज्ञात समर्थकों के साथ आदर्श आचार संहिता एंव कोविड महामारी का उल्लंघन करते हुए हुजूम इकट्ठा कर कलेक्ट्रेट गेट के बाहर से दुर्गा नारायण डिग्री कालेज तक जाया गया है और नारेबाजी भी की गई। तहरीर के आधार कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन प्रभारी जयप्रकाश ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक दलवीर सिंह ने करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

अभियोजन की तरफ से कुल सात गवाह पेश किए गए। एपीओ जितेंद्र सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को आचार संहिता व कोविड उल्लंघन के मामले में छः माह का कारावास व 3200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### पंजाब-हिमाचल, उत्तराखंड को सम्मान निधि की 21वीं किस्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के अंतर्गत पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 27 लाख से अधिक किसानों के खातों में गुरुवार को 21वीं किस्त के रूप में 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। कृषि भवन में आयोजित वर्चुअल समारोह में कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय संकट की इस घड़ी में आपदा प्रभावित राज्यों के साथ मजबूती से खड़ा है।

#### जस्टिस शर्मा हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया कि 27 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश केआर श्रीराम के सेवानिवृत्त होने के चलते जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। जस्टिस एसपी शर्मा का जन्म 27 सितंबर 1964 को हुआ था। अब वे जन्मदिन के दिन ही वे ये पदभार संभालेंगे।

#### आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह की सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद के आचार संहिता उलंघन मामले में सुनवाई टल गई है। गवाह के न पहुंचने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 अक्टूबर तय की है। सिंह पर बंधुआकलां थाना के हसनपुर गांव मे 13 अप्रैल 2021 को पंचायत चुनाव के दौरान बिना अनुमति के सभा करने का आरोप है।

### रिश्वत लेने के आरोपी इनकम टैक्स के दो अफसरों को चार-चार साल की सजा

**जोधपुर।** सीबीआई मामलात की अदालत ने पंद्रह लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में इनकम टैक्स विभाग के पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त पवन कुमार शर्मा और पूर्व आईटीओ शैलेंद्र भंडारी को चार-चार साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने दोनों पर 1.10 लाख का जुर्माना भी लगाया। स्पेशल सीबीआई कोर्ट के जज भूपेंद्र सनाढ्य ने यह फैसला सुनाया। वहीं बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले ज्वेलर को बरी कर दिया। मामला 31 मार्च 2015 का है। बाड़मेर के व्यापारी की शिकायत के बाद पवन कुमार शर्मा, शैलेंद्र भंडारी और ज्वेलर चंद्रप्रकाश कट्टा को गिरफ्तार किया गया था।

## सीतापुर बेल्ट कांड में सस्पेंड किए गए बीएसए, जेल में प्रधानाचार्य

समृद्धि न्यूज

**सीतापुर।** सीतापुर की बेल्टकांड कथा में हर दिन नया मोड़ आ रहा है। शुक्रवार को इस कथा के तीसरे मुख्य किरदार बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह की भी कुर्सी चली गई। उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

अखिलेश सिंह वही हैं जिन्हें गर्मागर्मी के बाद हेडमास्टर बृजेंद्र वर्मा ने उनके ऑफिस में जाकर बेल्ट से पीटा था। इसका वीडियो खूब वायरल हुआ था। इसके बाद हेडमास्टर को सस्पेंड कर जेल भेज दिया गया था। इस झगड़े की जड़ में जिस महिला शिक्षिका को बताया जा रहा था वह भी सस्पेंड हो चुकी हैं। इस मामले में पहले किरदार का वीडियो वायरल होता है। इस वीडियो में हेडमास्टर और बीएसए में गरमा-गरमी साफ दिखती है। तभी हेडमास्टर साहब को गुस्सा आ जाता है। वो टेबल पर फाइल पटक देते हैं. इसके तुरंत बाद कमर में बंधे बेल्ट निकालकर बीएसए अखिलेश सिंह पर उन्होंने हमला कर दिया. इस घटना के बाद बीएसए ने हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया। इसके बाद मामला आगे बढ़ जाता है। स्कूल के बच्चों ने हेडमास्टर के पक्ष में प्रदर्शन करने लगते हैं

### पुलिस ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** लेह हिंसा मामले में पुलिस ने शुक्रवार बड़ी कार्रवाई करते हुए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बुधवार को लेह हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, आगजनी और लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई थी। सोनम वांगचुक को डीजीपी एस,डी. सिंह जामवाल के नेतृत्व वाली लद्दाख पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर आंदोलन के समर्थकों द्वारा किये गए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दो दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है।

## आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद पर बवाल, लाठीचार्ज

समृद्धि न्यूज



**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के हंगामा शुरू हो गया। यहां आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर सड़कों पर उतरे थे। इसी दौरान भीड़ बेकाबू हो गई। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। आईएमसी प्रमुख मौलान तौकीर रजा ने प्रदर्शन का ऐलान किया था जिसके बाद पुलिस-प्रशासन पहले से अलर्ट था।

दरअसल, जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्ट विवाद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और पोस्टर-बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने भीड़ को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन भीड़ में शामिल लोग नहीं माने। प्रदर्शनकारी बैरिकेड को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

घटना के बाद पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज जुमे की नमाज थी और इसे लेकर पहले ही धार्मिक अनुयायियों से बात की जा रही थी कि शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें। इसका परिणाम हुआ कि 90-95 प्रतिशत लोग नमाज पढ़कर चले गए। इस बीच कुछ असामाजिक तत्व आए जिन्होंने पथराव और फायरिंग शुरू की। पुलिस ने इसकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की है, जिसके आधार पर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में पुलिस के 10 कर्मी घायल हुए हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि अपराधी पहले से की गई तैयारी के तहत इकट्ठा हुए और पथराव और फायरिंग की। ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दीपावली से पहले पांच लाख से अधिक छात्रों को दी जाएगी छात्रवृत्ति : योगी

▸ सीएम ने छात्रवृत्ति वितरण समारोह में चार लाख छात्रों को वितरित की छात्रवृत्ति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अनुसूचित जाति-जनजाति के करीब पांच लाख छात्रों को संस्थान की ओर से डाटा अपलोड न करने की वजह से छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी क्योंकि डाटा लॉक हो गया था। छात्रवृत्ति से वंचित सभी छात्रों को दीपावली से पहले उनके खाते में छात्रवृत्ति भेज दी जाएगी। वहीं जिनकी वजह से छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिल पायी है, उनकी भी जवाबदेही तय की जाएगी ताकि आने वाले समय में ऐसी त्रुटि न हो।

किसी भी देश और प्रदेश की आर्थिक प्रगति का पैमाना शिक्षा से शुरू होता है। ऐसे में छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने कई छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले छात्रवृत्ति वितरित की जाती थी, लेकिन छात्र के खाते में पहुंचती नहीं थी। इसमें मनमानी होती थी। वहीं जो छात्रवृत्ति छात्रों को सितंबर-अक्टूबर में प्राप्त होनी चाहिए थी, वह छात्रवृत्ति मार्च-अप्रैल तक पहुंचती थी।

### केजीएमयू में स्थापित होगा अत्याधुनिक फेफड़ा प्रत्यारोपण केंद

**लखनऊ।** श्वसन सम्बंधी बीमारियों के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी एण्ड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में अत्याधुनिक फेफड़ा प्रत्यारोपण केंद्र की स्थापना की जायेगी। यह जानकारी पल्मोनरी एण्ड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने दी। डॉ. वेद प्रकाश ने शुक्रवार को बताया कि सटीक निदान की आवश्यकता को समझते हुए विभाग ने एक उन्नत पल्मोनरी फंक्शन टेस्टिंग प्रयोगशाला की स्थापना की है। जिसमें स्पायरोमेट्री, डिफ्यूजन स्टडीज, इम्पल्स ऑस्सिलोमेट्री और बॉडी प्लेथिस्मोग्राफी जैसी तकनीकें मौजूद हैं, जो जटिल फेफड़ों की बीमारियों के व्यापक रूप से चिन्हित करने में सहायक हैं।

## यूपी में पंजीकृत 21 राजनीतिक दलों को नोटिस

▸ निर्वाचन अधिकारी को छह साल से नहीं दिया खर्च का हिसाब

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत 21 राजनीतिक दलों पर शिकंजा कस गया है। शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन दलों ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) के वार्षिक खातों का विवरण जमा नहीं किया है। आयोग ने इन्हें 3 अक्टूबर तक जवाब देने का मौका दिया है, वरना उनकी मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

चुनाव आयोग की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 के प्रावधानों के तहत हर पंजीकृत राजनीतिक दल को निर्धारित समय पर अपना वार्षिक लेखा-जोखा देना अनिवार्य है। आयोग ने पाया कि पिछले छह साल में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाग लेने के बावजूद इन दलों ने निर्धारित अवधि में खर्च का ब्योरा प्रस्तुत नहीं किया। जिन दलों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें अखंड राष्ट्रवादी पार्टी, ऑल इंडिया राजीव कांग्रेस पार्टी, एकलव्य समाज पार्टी, किशोर राज पार्टी, लोकदल, लोक गठबंधन पार्टी, मानवतावादी क्रांति दल, मानववादी पार्टी, नागरिक एकता पार्टी, नैतिक पार्टी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया), राष्ट्रवादी श्रमजीवी दल, राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय मतदाता पार्टी, राष्ट्रिया राष्ट्रवादी पार्टी, साफपार्टी, सबका दल यूनाइटेड, समाज सेवक पार्टी, सर्वोदया भारत पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) और उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी शामिल हैं। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि सभी पंजीकृत दल 6 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे तक अपने जवाब के साथ अध्यक्ष/महासचिव के हस्ताक्षरित विवरण व्यक्तिगत रूप से जमा करें।

### बीबीएयू ने रचा इतिहास : स्टैनफोर्ड की टॉप दो वैज्ञानिकों की सूची में स्थान

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने शोध क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। स्टैनफोर्ड विवि की विश्व-प्रसिद्ध टॉप दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची स्रोत बीबीएयू के 15 संकाय सदस्य शामिल किए गए हैं। जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि सम्मानित वैज्ञानिकों की सूची में प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, प्रो. राम चंद्र, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. राम नरेश भार्गव, प्रो. बी.सी. यादव, प्रो. बी. एस. भदौरिया, प्रो. देवेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. आदित्य खानपरिया, डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार अवस्थी तथा तीन अन्य शामिल हैं।

## राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली एकमात्र पार्टी है बीजेपी : अमित शाह

एजेंसी



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के बेतिया स्थित कुमारबाग स्टील फैक्ट्री प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की चंपारण एवं सारण क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा में जुट जाने का आह्वान किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना ही हर भाजपा कार्यकर्ता का पहला दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से अवगत कराएं और संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं।गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत भारत का आधार है। शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाएं।

विदाई | मिग-21 विमान शौर्य व पराक्रम की गाथा के साथ ही सबसे अधिक पायलटों की मौत के लिए भी किया जाएगा याद

# भारत के आसमान पर 62 साल तक राज करने के बाद मिग-21 विदा

विदाई के बाद अब वायु सेना की नयी ताकत के रूप में स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए लेगा मिग-21 की जगह

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत के आसमान पर 62 साल तक राज करने और पाकिस्तान के साथ तीन युद्ध लड़ने वाले मिग-21 विमान ने आज आखिरकार वायु सेना के हवाई बेड़े से विदाई ले ली।

अपनी आखिरी उड़ान के साथ इस विमान को केवल शौर्य और पराक्रम की गाथा के लिए ही नहीं बल्कि इसे सबसे अधिक पायलटों की मौत के लिए भी याद किया जायेगा। मिग-21 को चंडीगढ़ एयरबेस से विदाई दिए जाने के बाद अब वायु सेना की नयी ताकत के रूप में स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए इसकी जगह लेगा। भारतीय वायु सेना के बेड़े में मार्च, 1963 में शामिल हुआ पहला सुपरसोनिक विमान मिग-21 अब 60 साल पूरे कर चुका है। देश की सेवा में 50 वर्षों तक रहने के बाद 11 दिसम्बर, 2013 को इसे रिटायर कर दिया गया। हालांकि, 1970 के बाद से मिग-21 सुरक्षा के मुद्दों से इस कदर त्रस्त हो चुका था कि दुर्घटनाओं में 170 से अधिक भारतीय पायलट और 40 नागरिक मारे गए। 1966 से 1984 के बीच 840 विमानों में से लगभग आधे दुर्घटनाओं में क्रैश हो गए। इन विमानों में से अधिकांश के इंजनों में आग लग गई या फिर छोटे पक्षियों से टकरा कर नष्ट हुए। मिग-21 के लगातार दुर्घटनाग्रस्त होने पर इसे उड़ता ताबूत कहा जाने लगा था। अपनी फुर्ती, सटीक हमलों और तेज गति के कारण पायलटों की पहली पसंद रहे मिग-21 को बाद में मिग-21 बाइसन के रूप में अपग्रेड किया गया।रूसी कंपनी ने 11,496 मिग-21 विमानों का निर्माण करने के बाद अपने आखिरी मिग-21 को मिग बाइसन के रूप में 1985 में अपग्रेड किया था।



#### मिग-21 ने सेनाओं को दी जबरदस्त मजबूती : राजनाथ

**राजनाथ ने भारत-रूस के साथ गहरे संबंधों को किया याद**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चंडीगढ़ एयरबेस पर लड़ाकू विमान मिग-21 की वायु सेना के हवाई बेड़े से विदाई के समय भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों को याद किया। रूस के सहयोग से तैयार मिग-21 ने भारतीय सैन्य विमानन यात्रा में कई गर्व के क्षण जोड़े हैं। मिग-21 का योगदान किसी एक घटना या एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल के युद्ध तक या फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक ऐसा कोई क्षण नहीं रहा, जब मिग-21 ने हमारी सेनाओं को जबरदस्त मजबूती न प्रदान की हो। उन्होंने कहा कि 1971 का युद्ध भला कौन भूल सकता है। मिग-21 ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों में जिस दिन ढाका के गवर्नर हाउस पर हमला किया, उसी दिन उस युद्ध के परिणाम की रूपरेखा तय कर दी गई। इसके अलावा भी इसके लम्बे इतिहास में अनेक ऐसे मौके आए, जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की।

# पेरिस एक्सपो में छाया यूपी का ताज महल, परफ्यूम व इकोटूरिज्म

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन ने आईएफटीएम टॉप रेसा 2025 में शानदार भागीदारी कर राज्य की संस्कृति और पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया। पेरिस एक्सपो पोर्ट डे वर्साइलीज़ में लगे राज्य के स्टॉल को दर्शकों ने बेहद जीवंत और आकर्षक बताया। पवेलियन का औपचारिक उद्घाटन भारतीय दूतावास के आर्थिक और वाणिज्यिक काउंसलर नवीन कुमार ने किया।

स्टॉल पर कई अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति, ट्रैवल ट्रेड लीडर और पर्यटन विशेषज्ञ आए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के साथ साझेदारी और सहयोग के नए अवसरों में गहरी रुचि दिखाई। इस बार कानपुर के परफ्यूम बनाने के प्राकृतिक विधि के साथ यूपी के इको टूरिज्म ने सबका ध्यान खींचा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि पेरिस में लगे उत्तर प्रदेश पवेलियन में कन्नौज का परफ्यूम टूरिज्म सबसे बड़ा आकर्षण रहा। अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों ने इस पारंपरिक कला को बड़े उत्साह के साथ देखा और सराहा। प्राकृतिक खुशबू बनाने की सदियों पुरानी 'डेग-भपका' तकनीक के लाइव प्रदर्शन ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों और जड़ी-बूटियों से तैयार की जाने वाली इस पारंपरिक विधि ने कानपुर को भी परफ्यूम राजधानी के रूप में विश्व मानचित्र पर स्थापित किया।

### आध्यात्मिक मार्गों ने पवेलियन को बनाया आकर्षण का केंद्र

पेरिस में उत्तर प्रदेश पवेलियन में इकोटूरिज्म और विरासत को विशेष रूप से उजागर किया गया। पवेलियन में ताज महल, लखनऊ की नवाबी धरोहर और बुंदेलखंड के किले भारत की भव्यता के स्थायी प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किए गए। साथ ही आयोध्या, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, वाराणसी और बौद्ध सर्किट जैसे आध्यात्मिक मार्गों ने उत्तर प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक गहराई को दर्शाया, जिससे राज्य को भारत के आध्यात्मिक पर्यटन का हृदय साबित किया। पवेलियन में कथक, कजरी और देधिया जैसे रंगीन सांस्कृतिक नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और यादगार पल बनाए।

### उत्तर प्रदेश ने वैश्विक मंच पर बढ़ाई अपनी पहचान

आईएफटीएम टॉप रेसा 2025 में उत्तर प्रदेश की भागीदारी ने राज्य की वैश्विक पहचान और दृश्यता को मजबूत किया। यह राज्य अब सांस्कृतिक और अनुभव आधारित पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनकर उभरा। कानपुर का परफ्यूम टूरिज्म इस प्रस्तुति का मुख्य आकर्षण रहा, जबकि ताज महल और बौद्ध सर्किट जैसे धरोहर स्थल भी अंतरराष्ट्रीय दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रहे। उत्तर प्रदेश ने अपनी जीवंत परंपराओं जैसे देव दीपावली, ताज महोत्सव और आगामी अयोध्या दीपोत्सव को भी उजागर किया। साथ ही, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर हवाई अड्डों के माध्यम से सुगम अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को भी हाइलाइट किया।

# विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों को लेकर फैसला कमेटी में होगा शासन का एक प्रतिनिधि : योगेंद्र

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर नियुक्तियों को और पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए शासन की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है। अब नियुक्ति कमेटी में शासन की ओर से भी एक प्रतिनिधि का नामित किया जाएगा, जो भर्ती प्रक्रिया में शामिल होगा।

इस संबंध में लखनऊ के विधान भवन कार्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने समीक्षा बैठक हुई है जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में मंत्री ने कहा कि यूनिवर्सिटी में शिक्षकों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में शासन का प्रतिनिधि होगा। यूनिवर्सिटी से संबंधित कॉलेजों, नए पाठ्यक्रमों की मान्यता और नए महाविद्यालयों की स्थापना के लिए, एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने इस संबंध में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब से शैक्षणिक कैलेंडर का पालन नहीं करने पर संबंधित कुलपति की जिम्मेदारी शासन स्तर पर तय होगी।ये सब उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए किया जा रहा है।शासन के लिए उत्तरदायित्व सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अशासकीय कॉलेज के शिक्षकों की तरह यूनिवर्सिटी के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को पुरस्कार दिए जाने पर सहमति बनी है। उन्होंने इसके लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### दिल्ली में होगा सातवां ऑल इंडिया एडवोकेट्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट



लखनऊ,समृद्धि न्यूज। दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सातवें ऑल इंडिया एडवोकेट्स टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ की 15 सदस्य टीम का चयन सीनियर एडवोकेट संजय भसीन की अध्यक्षता में चयन कमेटी द्वारा किया गया। 26 सितंबर को उच्च न्यायालय लखनऊ के सीनियर जज जस्टिस राजन रॉय द्वारा चयनित टीम की घोषणा की गई। शिवमणि त्रिपाठी को लखनऊ हाई कोर्ट की टीम का कप्तान तथा कपिल गुप्ता को उप कप्तान घोषित किया गया। टीम के सदस्य शैलेंद्र पाठक, प्रतुल प्रताप सिंह, सुशांत भट्ट, कुमार हर्ष, शक्ति, अभिषेक सिंह, ऋषभ पाण्डेय, अमन प्रकाश, अमित खरे, मुहम्मद आज़म, आदित्य विक्रम सिंह, वैभव मिश्रा व राघव चंद्रा हैं। अजय सिंह टीम के कोच व अवनींद्र सिंह परिहार टीम मैनेजर घोषित किए गए हैं।

### जांच करने पहुंचे एडी बेसिक, कई बच्चे बेहोश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सीतापुर में प्रधानाचार्य और बीएसए के बीच का मामला बढ़ता जा रहा है। आज शुक्रवार को एडी बेसिक जांच के लिए स्कूल पहुंचे। छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य के साथ न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान गर्मी से कई बच्चे बेहोश भी हो गए। उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता दी गई। मामला महमूदाबाद क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, नदवा का है। यहां के प्रधानाचार्य ब्रजेंद्र वर्मा द्वारा बीएसए पर बेल्ट से हमला करने के मामले की जांच के लिए एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी पहुंचे। उन्होंने बच्चों और ग्रामीणों से बात करके जनकारी ली। स्कूल के स्टाफसे भी बात की।इस दौरान प्रधानाचार्य के समर्थन में प्रदर्शन कर रही प्रीति पुत्री दिनेश, नरेंद्र कुमार पुत्र राम मनोरथ और सुनैना देवी पुत्र शैलेश कुमार बहोश हो गईं। एडी बेसिक के निर्देशन पर उन्हें तत्काल चिकित्सीय सहायता दी गई।

### गोमती बचाने के लिए सनातन महासभा ने मंडलायुक्त से की भेंट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सनातन महासभा व लाल ब्रिगेड (एक्शन ग्रुप) के अध्यक्ष डा. प्रवीण के नेतृत्व मे शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से भेंट कर गोमती बचाव अभियान व नशा व अपराध मुक्त अभियान विषय पर चर्चा की। साथ ही 06 नवंबर की पूर्णिमा पर आयोजित मां गोमती महाआरती मे आने के लिए आमंत्रण भी दिया गया। मंडलायुक्त ने उक्त विषयो पर साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान गोमती बचाव अभियान के तहत नदी में गिर रहे नालों को रोके जाने, नदी किनारे दोनो ओर सौ मीटर तक वन पर्यावरण स्वच्छ किये जाने, नदी किनारे महोत्सव व मेला लगाने पर रोक हो और एसटीपी प्लांट और चालू किये जायें, रख रखाव हेतु समिति बनाये जाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ.प्रवीण के साथ एड. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राकेश अग्रवाल, अतुल तिवारी व शोभित सिंह उपस्थित रहे।

### कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना भाजपा के जीएसटी गोलमाल का सच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना जीएसटी गोलमाल का सच है। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के जीएसटी गोलमाल का सच। उन्होने कहा, भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गये। जब जनता बाजार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी की सगी नहीं है।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी मिले बोनस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जवाहर भवन- इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दीपावली के पावन पर्व पर राज्य कर्मचारियों की भाँति आउटसोर्सिंग कर्मचारी को भी बोनस दिए जाने पर बैठक बुलाई गई जिस पर जोरदार चर्चा हुई। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बैठक के दौरान बताया कि दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए राज्य कर्मचारियों को मिलने वाले बोनस की भाँति आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी बोनस देने की बात उठी जिस पर सभी सदस्यों ने पुरजोर समर्थन किया और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है कि प्रदेश भर में लाखों आउटसोर्सिंग कर्मियों को देखते हुए इन्हें भी दीपावली के पावन पर्व पर बोनस दिया जाये।

### इप्सेफने प्रधानमंत्री को फिर भेजा मांग पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठन इप्सेफने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर कई मांगें उनके समक्ष रखी है। इस मांग पत्र में पॉच मुख्य मांगें शामिल है। इप्सेफराष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. मिश्र ने पत्र में कार्मिकों की दुखड़े का वर्णन करते हुए इन मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार का आग्रह किया है। इप्सेफके मांग पत्र में 8वें वेतन आयोग का तत्काल गठन करके 01 जनवरी 2026 से लागू करने, पुरानी पेंशन को बहाली, 50 प्रतिशत से अधिक महंगाई भत्ता हो जाने पर 50 प्रतिशत वेतन में मर्ज करने, 01 जुलाई से देय महंगाई भत्ते की किस्त का आदेश जारी किया जाय। केन्द्रीय राजकीय सरकारी कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व बोनस दिया जाय। देश भर में लाखों-लाख आउटसोर्स/संविदा कर्मचारियों को विनियमित करने की नीति बना दी जाय तथा पदवार न्यूनतम वेतन दिया जाय।

#### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों से वर्चुअल रूप से किया संवाद

# गांव के विकास कार्य में नहीं होगी धन की कमी : योगी

समृद्धि न्यूज



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों से वर्चुअल रूप से संवाद किया। इस कार्यक्रम में 58,176 ग्राम प्रधान शामिल हुए। उन्होंने सभी ग्राम प्रधान को आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास के क्षेत्र में धनराशि का अभाव नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कि सभी ग्राम प्रधान स्वयं एवं सभी ग्रामीण बंधुओं से समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान÷ अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी किए गए क्यूआर कोड पर अपना फीडबैक जरूर उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी हैं। शासन से संचालित विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन में उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कि ग्रामों को समृद्ध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। उन्होंने सभी ग्राम प्रधान को आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास के क्षेत्र में धनराशि का अभाव नहीं होने दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में प्रसारित होने वाले वर्चुअली संवाद कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

### महाना ने किया विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्षों के तैलचित्रों का लोकार्पण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधान सभा भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में विधान सभा के तीन पूर्व उपाध्यक्षों— जगन्नाथ प्रसाद, यादवेन्द्र सिंह उर्फ लल्लन तथा वकार अहमद शाह—के तैलचित्रों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तीनों पूर्व उपाध्यक्षों के परिजन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सतीश महाना ने कहा कि इन महान नेताओं ने लोकतांत्रिक परम्पराओं को सुदृढ़ करने में अमूल्य योगदान दिया है। उनके आदर्श और कार्य भावी पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विधान सभा का गौरवपूर्ण इतिहास इनके योगदान के बिना अधूरा है। जगन्नाथ प्रसाद धौरहरा (जिला खीरी) से 1952 से 1962 तक, 1967 से 1968 तक तथा 1977 में विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और 13 मई 1978 को विधान सभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। यादवेन्द्र सिंह (सिसवां, गोरखपुर) पहली बार 1962 में विधान सभा पहुँचे। इसके बाद 1967, 1969 (मध्यावधि चुनाव), 1974 तथा 1980 में लगातार विजय प्राप्त कर वे पाँच बार विधायक बने। 1980 में वे निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1982 में इंग्लैंड, अमेरिका, बहामास और जापान की यात्रा कर उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में यूपी का नेतृत्व किया।

### आईपीएस अफसर के घर चोरी, टोटी उखाड़ ले गए चोर

लखनऊ। माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अफसर यमुना प्रसाद के लखनऊ स्थित घर में चोरी हो गई है। चोरों ने कैश, घड़ी के साथ टोटियां तक पार कर दीं। यमुना प्रसाद वही पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने मुख्तार को पंजाब में लग्जरी एम्बुलेंस में पकड़ा था। उस एम्बुलेंस का रजिस्ट्रेशन फर्जी डॉक्यूमेंट पर बना था। मामले में यमुना प्रसाद ने मुकदमा दर्ज किया, जो मुख्तार को यूपी लाने की सबसे बड़ी वजह बना था। आईपीएस अफसर यमुना प्रसाद का विकासनगर में घर है। यहां वह काफी समय से रहते नहीं हैं। चूंकि, उनकी तैनाती नोएडा में डीसीपी पद पर है, इसलिए वह परिवार के साथ नोएडा में ही हैं। उनके लखनऊ वाले घर की देखरेख उनके रिश्तेदार असित सिद्धार्थ करते हैं। चोरी होने के बाद असित ने ही पुलिस को जानकारी दी।

## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने पखवाड़े का आयोजन कर दिया स्वच्छता का संदेश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2025 के तहत मण्डल रेल प्रबन्धक सुनील कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़े के तहत 26 सितंबर को स्वच्छ भोजन थीम पर आधारित एक विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन की महत्ता से अवगत कराना तथा खानपान स्थलों पर उच्चतम स्वच्छता मानकों को सुनिश्चित करना था। इसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित कैंटीनों एवं भोजनालयों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोईघर की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण की स्थिति, पका हुआ भोजन तैयार करने की प्रक्रिया एवं पैकेजिंग की गुणवत्ता की जाँच की गई। इस अवसर पर मण्डल के प्रमुख स्टेशनों जैसे वाराणसी कैंट, अयोध्या धाम, प्रयाग जं.,जौनपुर, प्रयागराज संगम, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शाहगंज, बाराबंकी, अमेठी, जौनपुर, अकबरपुर एवं उन्नाव स्टेशनों पर सफाई मित्र एवं वेंडरों को जागरूक किया गया।

### अक्टूबर में ईंधन अधिभार शुल्क में 1.63 प्रतिशत की कमी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अक्टूबर माह में बड़ी राहत मिलने जा रही है। जुलाई 2025 के महीने का ईंधन अधिभार शुल्क, जो अक्टूबर 2025 में वसूला जाना है, उसमें 1.63 प्रतिशत की कमी की गई है। प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 113.54 करोड़ रुपये का आर्थिक भार कम होगा। यह कटौती केंद्र सरकार के उस आदेश के तहत की गई है, जिसमें हर महीने के हिसाब से ईंधन अधिभार शुल्क की समीक्षा और समायोजन का प्रावधान है। पावर कॉरपोरेशन ने इसी नीति के तहत इस कमी को लागू किया है। जून 2025 के महीने का ईंधन अधिभार शुल्क सितम्बर 2025 में वसूला, जो 2.34 प्रतिशत है 30 सितम्बर को उसका अंतिम दिन है।

## स्विमिंग पूल में डूबे क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर व्यापारी की मौत मामले में हुए थे सस्पेंड

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । राजधानी लखनऊ में क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। करीब 2 घंटे बाद उनकी डेडबॉडी निकाली गई। इंस्पेक्टर की पहचान अश्विनी चतुर्वेदी के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस कमिश्नर समेत अन्य अधिकारी पहुंच गए।

एसडीआरएफ ने स्विमिंग पूल से इंस्पेक्टर की बॉडी निकाली। डीसीपी सेंट्रल आशीष श्रीवास्तव ने बताया दोपहर 12.00 बजे महानगर थाना को घटना की सूचना मिली थी। इंस्पेक्टर को स्विमिंग पूल से बाहर निकालने के बाद हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि पिछले साल इंस्पेक्टर अश्विनी चिनहट थाना प्रभारी थे। कस्टडी में हुई एक व्यापारी की मौत के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। सुबह करीब 8 बजे अश्विनी चतुर्वेदी स्विमिंग ड्रेस में स्विमिंग पूल में नहाने गए, लेकिन बाहर नहीं आए। काफी देर हो जाने पर जब घर नहीं पहुंचे तो तलाश शुरू कर दी गई। कुछ देर में एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। एसडीआरएफ ने स्विमिंग पूल में सर्च अभियान चलाया तो बॉडी बरामद हुई। बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अश्विनी अंबेडकरनगर के रहने वाले थे। लखनऊ में लेखराज में भतीजे और भांजे के साथ रहते थे। स्विमिंग पूल के कर्मचारियों के मुताबिक, रोज 2 घंटे का स्विमिंग स्लॉट बुक होता है। अश्विनी चतुर्वेदी का स्लॉट सुबह 6.00 बजे से 8.00 बजे तक का रहता है। हर दिन की तरह वह सुबह स्विमिंग करने आए थे। रजिस्टर में उनके साइन हैं। सुबह करीब 8.00 बजे जब स्विमिंग पूल बंद करने का समय हुआ तो कर्मचारियों ने अंदर जाकर देखा। उस समय पूल के पास एक बैग पड़ा था।

### बढ़ोतरी न होने से आक्रोशित पेंशनरों का ईपीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन

लखनऊ। केंद्र एवं राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों, सहकारी, निजी संस्थाओं, मीडिया हाउसों के पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन केंद्र सरकार द्वारा न बढ़ाये जाने के विरोध में देशभर में प्रदर्शन किया जा रहा है। गोमती नगर स्थित ईपीएफओ कार्यालय पर रोडवेज, एचएएल, एग्रो एसएफसी, अपट्रान पीसीएफसीड कॉरपोरेशन, पर्यटन निगम, आईटीआई सहित कई निजी संस्थाओं के सैकड़ों पेंशनरो एवं कार्यरत कर्मियों ने सभा कर विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि ईपीएस 95 पेंशनर 9 वर्षो से शांतिपूर्ण आंदोलन कर न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए महीना, महंगाई भत्ता, पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार सभी को समान रूप से उच्च पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

## कई कृषि रक्षक रसायनों की दुकानों पर छापे, मिली अनेक खामियां

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक और कृषि रक्षक कीटनाशक और दवाओं की कालाबाजारी न होने देने को लेकर सरकार सख्त कदम उठा रही है। आज लखनऊ के जिला कृषि रक्षा अधिकारी महेश चंद्र ने कई जगह छापेमारी की।

कृषकों को गुणवत्तायुक्त रसायनों की उपलब्धता के उद्देश्य से जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने मलिहाबाद विकास खंड के मैसर्स यादव पेस्टीसाइड्स, आशा कीटनाशक स्टोर एवं जयदुर्गा कीटनाशक केंद्र, माल रोड मलीहाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन प्रतिष्ठानों पर बिना प्राधिकार पत्र के रसायनों की बिक्री, प्राधिकार पत्र का लाइसेंस पर अंकित न होना, लाइसेंस पर अंकित तकनीकी व्यक्ति का प्रतिष्ठान पर उपस्थित न होना तथा स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर उपलब्ध न होने क्रम में तीनों विक्रेताओं को नोटिस जारी किया। कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि प्रतिष्ठान पर भंडारित समस्त कीटनाशी रसायनों की कंपनियों का प्राधिकार पत्र अनिवार्य रूप से रखें एवं लाइसेंस पर अंकित करवायें, स्टॉक एवं बिक्री पंजिका अद्यतन रखें, प्रतिष्ठान पर कीटनाशकों के स्टॉक एवं रेट से संबंधित बोर्ड अवश्य लगायें तथा कृषकों को रसायन बिक्री की कैश, क्रेडिट मेमो अनिवार्य रूप से निर्गत करें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा विकसित आईपीएमएस इंटीग्रेटेड पेस्टीसाइड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर लें।

### टैक्स बकाएदारों पर कार्रवाई, एक लाख से अधिक की वसूली

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को टैक्स बकाएदारों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान टैक्स नहीं जमा करने पर सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की गई। इसमें 1 लाख 6 हजार रुपए की वसूली हुई। वहीं, जोन-6 में बुद्धेश्वर चौराहा से मां कृपा लान तक अतिक्रमण हटाया गया। लखनऊ में कई घरों से वसूली अभियान चलाया गया। कुल 5 लाख 5 हजार 426 रुपए का बकाया था। इसमें 1 लाख 6 हजार रुपए की वसूली हुई। मौके पर सरला यादव से 50 हजार, नलिन किशोर से 31 हजार, और शीला गुप्ता से 25 हजार रुपए की आंशिक वसूली हुई। संतोष कुमार ने निस्तारण के बाद पेमेंट करने का आश्वासन दिया। जोन-6 में बुद्धेश्वर चौराहा से मां कृपा लान तक अतिक्रमण हटाया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किए अर्पित

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। देश के पूर्व प्रधानमंत्री, महान अर्थशास्त्री परम श्रद्धेय डॉ.मनमोहन सिंह की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मंत्री राज बहादुर ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कंट्रोल रूम के प्रभारी विजय बहादुर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पीके त्यागी, अनस रहमान, अमानुर रहमान आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राज बहादुर ने डॉ. मनमोहन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह के सागदीपूर्ण जीवन, ईमानदार छवि और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को नई ऊँचाईयों तक पहुंचाया।

राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, गरीबों और वंचितों के लिए उनके साहसिक निर्णय और मज़बूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में उनका ऐतिहासिक योगदान सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। उनकी सादगी, विनम्रता और ईमानदारी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## अब कार्य बहिष्कार व सामूहिक जेल भरो आंदोलन की तैयारी, निजीकरण के टेंडर की प्रक्रिया तेज होने की आहट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । वद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र. ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन से मांग की है कि पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा तैयार किये गए निजीकरण के आर.एफपी. डाक्यूमेंट को विद्युत नियामक आयोग कोई मंजूरी न दे और इस मामले में संघर्ष समिति को अपना पक्ष रखने हेतु विद्युत नियामक आयोग वार्ता हेतु समय दें।

संघर्ष समिति ने निजीकरण की गतिविधियां तेज होते देख बिजली कर्मचारियों को सचेत करते हुए एलर्ट जारी किया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेण्डर होने के बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और सामूहिक जेल भरो आंदोलन की पूरी तैयारी रखी जाय। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि निजीकरण होने के बाद बिजली कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा अतः निजीकरण के आर.एफपी. डाक्यूमेंट पर कोई भी अभिमत देने के पहले विद्युत नियामक आयोग को संघर्ष समिति से वार्ता करनी चाहिए। संघर्ष समिति ने इस बावत नियामक आयोग के चेयरमैन को पत्र भेजकर वार्ता का समय मांगा है।घर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के बाद लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों की छटनी हो जायेगी और लगभग 16 हजार 500 नियमित कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ जायेगी। कॉमन केडर के अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों पर नौकरी जाने और पदावनति का खतरा उत्पन्न होगा। ऐसी स्थिति में निजीकरण से सबसे अधिक दुष्प्रभाव बिजली कर्मियों पर पड़ने जा रहा है। अतः बिना बिजली कर्मियों का पक्ष सुने नियामक आयोग को कोई निर्णय नहीं करना चाहिए अपितु सीधे सीघे पॉवर कार्पोरेशन द्वारा भेजे गये आर.एफपी. डाक्यूमेंट को निरस्त कर देना चाहिए। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियो ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जोर जबरदस्ती से निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाये जाने के घटनाक्रमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

पुरस्कार

#### महाकुंभ-2025 के दौरान श्रद्धालुओं में छोड़ी थी अपनी उत्कृष्ट सेवाओं की अमिट छाप

# यूपी अग्निशमन व आपात सेवा टीम को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन में अपनी अद्वितीय कार्यशैली और उत्कृष्ट सेवाओं का लोहा मनवाने वाली उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है।

मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में 24 सितंबर को आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया के अंतरराष्ट्रीय समारोह में विभाग को फायर एण्ड सेफ्टी एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड फायर एवं सेफ्टी के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार माना जाता है। अवार्ड को विभागाध्यक्ष एडीजी पद्मजा चौहान महाकुंभ मेले के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा (सीएफओ) और जोन महाकुंभ के चीफ फायर ऑफिसर अंकुश मित्तल ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया के डायरेक्टर जनरल यू.एस. छिल्लर, डायरेक्टर के.सी. वाधवा, ओडिशा फायर एंड इमरजेंसी सर्विस के महानिदेशक डॉ.सुधांशु सारंगी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक ओ.पी.सिंह जैसी हस्तियों ने यूपी अग्निशमन विभाग के कार्यों की खुलकर सराहना की।

सभी ने महाकुंभ-2025 के विशाल आयोजन को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी अग्निशमन विभाग की सराहना की।

### महाकुंभ-2025 में अभूतपूर्व उपलब्धियां

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के दौरान 66.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। 4000 हेक्टेयर क्षेत्र और 25 सेक्टरों में बसे मेले में लगभग प्रत्येक दिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। सनद रहे 45 दिनों तक चले इस आयोजन में यूपी अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग ने एक भी जनहानि होने नहीं दी। विभाग ने लगभग 16.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति हानि को बचाया। कुल 24 बड़ी व 185 छोटी आग की घटनाओं पर सफलता पूर्वक काबू पाया। महाकुंभ-2025 को शून्य जनहानि के साथ सफल बनाया गया। यह पूरे विभाग के लिए गर्व का क्षण है कि देश ही नहीं बल्कि विदेश तक हमारे कार्यों की सराहना हो रही है। एडीजी ने बताया कि मुख्यमंत्री की इच्छानुसार विभाग द्वारा महाकुंभ समाप्ति के उपरांत सभी 75 जिलों में अग्निशमन वाहनों के माध्यम से संगम का पवित्र जल पहुंचाना विभाग की सबसे बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि रही।

## खबरें एक नजर में

### जल निगम की सप्लाई पाइपलाइन टूटी, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी



**महराजगंज, रायबरेली।** जल निगम की सप्लाई पाइपलाइन टूटने की वजह से जहां स्कूली बच्चों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है तो वहीं ग्रामीणों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। उसके बावजूद भी जल निगम लगातार लापरवाही पर लापरवाही करता चला जा रहा है और ग्रामीण है की समस्याओं में घिरते चले जा रहे हैं। बालीपुर से कुशमहुरा गांव के बीच जल निगम की सप्लाई पाइपलाइन कई दिनों से टूटी हुई जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बलीपुर निवासी पुनीत कुमार ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई कुशमहुरा के रहने वाले विवेक मिश्रा ने कहा कि टूटी पाइप लाइन से आवा गमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है व पानी की सप्लाई भी प्रभावित है जो थोड़ा बहुत पानी आता है वह भी दूषित है। ग्रामीणों ने चेतावनी दिए कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। मामले में जल निगम के कर्मचारी कोमल प्रसाद शर्मा ने कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी मिल गई है उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका समाधान कर दिया जाएगा।

### प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे में किया पैदल मार्च



**शिवगढ़,रायबरेली।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने शिवगढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च निकालकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। गौरतलब हो कि शुक्रवार को शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय यादव के नेतृत्व में आगामी त्योहारों दशहरा, धन तेरस, दीपावली के मद्देनजर शिवगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ कस्बा, बैंती बाजार सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च निकालकर लोगों से शांति पूर्वक त्यौहार मनाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय ने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार भीड़भाड़ वाले स्थान पर पैदल गस्त की जा रही है साथ ही अराजक तत्वों पर अपनी नजर रखी जा रही है यदि किसी ने त्योहारों पर अराजकता फैलाने या किसी अन्य प्रकार की अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी पैदल मार्च के दौरान ही थाना प्रभारी ने स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए यह भी कहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व त्योहार पर माहौल बिगाड़ता या फिर किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने पर दें जिससे उसके खिलाफ विधि कार्यवाही की जा सके।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर दुकान में घुसा, कई लोग चोटिल



**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र अंतर्गत लल्लापुर मेला में मुंडन संस्कार में जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जा रही थी अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर मल्ल पुर सांडॉ के पास पलट गया और पास की दुकान में जा घुसा। जानकारी मिलने पर बिसवां कोतवाली बल मौके पर पहुंच गया था और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में मायाराम (उम्र लगभग 60 वर्ष) की स्थिति नाजुक है। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और बाहर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज सीएचसी बिसवां व साड़ा में चल रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली बारातीपुर गांव की बताई जा रही है।

### एसडीएम को सौंपा गया 4 सूत्रीय ज्ञापन

**बिसवा सीतापुर।** तहसील परिसर में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र मे अनियमितता को लेकर तीन दिन से अधिवक्ताओं द्वारा क्रमिक अनशन चल रहा था।अनशन स्थल पर उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला पहुची जिन्हें अनशनकर्ता इन्द्रपाल वर्मा एडवोकेट, नईम अन्सारी एडवोकेट,क्षीतीश मिश्रा एडवोकेट ने चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में शासन की मंशा के अनुरूप जनमिलन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को रजिस्टर पर दर्ज नम्बर आवेदक को प्रदान कराना, नियमानुसार क्रमबद्ध तरीके से आदेश जारी करने की मुख्य समस्या थी।उपजिलाधिकारी ने मांगो के संबंध में निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश नारायण गुप्ता, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, आरपी सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामपाल वर्मा, संतोष कुमार कठोरिया,जितेंद्र मिश्रा, मनमोहन भार्गव, सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### झामदास कुटी पर सगरे में नहाते समय डूबे युवक की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र जामो के अंतर्गत बाबा झामदास कुटी स्थित सगरा में स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गोसाई मजरे दखिनवारा निवासी जयलाल उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद रोज की तरह झामदास कुटी स्थित सगरे पर स्नान करने गए थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गए। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस बीच ग्रामीणों ने सगरे में शव देखा और तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के पीछे चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।

### इन्हौना थाना में छात्राएं बनीं एक दिन की थाना अध्यक्ष



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज इन्हौना की छात्राओं को एक दिन के लिए थाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कक्षा 12 की अर्पिता और कक्षा 11 की मुस्कान ने बारी-बारी से थाना अध्यक्ष की कुर्सी संभालते हुए पुलिस कार्यप्रणाली को करीब से समझा। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने छात्राओं को अपनी कुर्सी पर बैठाकर न केवल समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की रखवाली ही नहीं करती, बल्कि बेटियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देती है। चार्ज संभालते ही छात्राओं ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अनोखी पहल से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा और समाज में एक सकारात्मक संदेश गया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कदम से बेटियों का मनोबल और मजबूत होता है।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक को लेकर बैठक सम्पन्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 5 से 31 अक्टूबर की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में प्रथम अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग आशा और एएनएम के माध्यम से घर-घर जाकर बुखार, आईएलआई, क्षय रोग और फाइलेरिया के संभावित रोगियों की सूची तैयार करेगा। साथ ही मच्छरों से बचाव की जानकारी, प्रजनन स्थलों का विनष्टीकरण, वेक्टर सर्वेक्षण तथा मरीजों को जांच और उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजने की जिम्मेदारी भी निभाएगा। नगर पालिका परिषद नगर पंचायत विभाग शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, लार्वानाशी छिड़काव, कूड़े का निस्तारण एवं फॉगिंग कराएंगे। वहीं, पंचायत राज व ग्रामीण विकास विभाग खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप मरम्मत, अनावश्यक जलभराव की रोकथाम और पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित करेंगे। कृषि विभाग किसानों को खेतों में कृंतक नियंत्रण के सुरक्षित उपाय बताएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराएगा तथा जरूरत पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजेगा। बैठक में स्वास्थ्य, नगर निकाय, पंचायत राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि व सिंचाई सहित 11 विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही यूनिसेफ एवं डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# पुलिस ने स्कूल, कॉलेज में पहुंचकर छात्राओं को किया जागरूक

**मिशन शक्ति 5.0**

- छात्रों को महिला सशक्तीकरण, साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके
- यदि आपके साथ साइबर अपराध होता है तो आप 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं: विंध्य विनय



**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम, चौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक एवं अधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। गौरतलब हो कि शुक्रवार को शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय के नेतृत्व में शिवगढ़ पुलिस द्वारा लगातार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले शिक्षण संस्थान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ओसाह, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवगढ़ में पहुंचकर कॉलेज में मौजूद छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। आपको बताते चलें कि जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय ने छात्राओं को बताया कि जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छुपाने की बजाय अपने शुभचिंतकों को जरूर बताएं जो भी महिलाएं या बालिका किसी बात को लेकर परेशान हो और अपने परिवारीजन से ना कह पाती हों वह थाने पहुंचकर महिला पुलिसकर्मी से अपनी समस्या जरूर बताएं जिससे कि आप सभी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही उन्होंने बताया की यदि कहीं भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो छात्राएं बेझिझक होकर इन हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ,112 पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दे। ताकि समय रहते आपकी मदद की जा सके इसके अलावा बालिकाओं को समाज बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि आपके पास कोई भी अपरिचित नंबर से कॉल आए और आपके बैंक अकाउंट की जानकारी एटीएम का पिन कोड ,ओटीपी आदि की जानकारी मांगे तो वह कतई शेयर ना करें या फिर किसी भी स्थिति में आपके साथ साइबर क्राइम हो जाए तो तुरंत आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी प्राथमिकी दर्ज कर दे जिससे समय रहते आपकी सहायता की जा सके साथ ही आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने छात्राओं को यूपी कॉप ऐप के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि जो भी महिला या बालिका थाने नहीं जा सकती तो आप अपनी शिकायत अपने मोबाइल फोन से यूपी कॉप ऐप के माध्यम से दर्ज कर सकती है इससे आपको थाने नहीं जाना पड़ेगा और आपकी शिकायत भी दर्ज हो जाएगी और महिला पुलिस कर्मी द्वारा आपकी शिकायत का समाधान भी कर दिया जाएगा इस मौके पर महिला उप निरीक्षक मनीषा पटेल, महिला आरक्षी तान्या शुक्ला, मुख्य आरक्षी लालसा चौहान सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरूक



**सलोन रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें आपातकालीन स्थिति में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।सलोंन कोतवाली क्षेत्र के सूची कस्बे में मिशन शक्ति पांचवें चरण के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस जागरूकता अभियान में उनके अधिकारों सुरक्षा व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090,महिला हेल्पलाइन नंबर 181,आपातकालीन 112, साइबर क्राइम 1930 समेत अन्य नंबरों के पंपलेट वितरण कर संवाद किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र पाल,कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह,सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार,ग्राम प्रधान अनीता सिंह,कानूनगो वीरेंद्र त्रिवेदी, लेखपाल सावल राम मीणा व आरक्षियों समेत सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### धीरज सिंह लगातार असहाय-कमजोर लोगों तक पहुंचा रहे मदद



**रायबरेली।** कहते हैं, मुश्किल की घड़ी में वही सच्चा साथी होता है जो बिना सोचे-समझे आपके साथ खड़ा हो जाए ऐसा ही एक उदाहरण हाल ही में देखने को मिला जब लालगंज के कोरिहर गाँव, पूरे बिंदासिंह पुरवा के विजय प्रताप सिंह, जो एक साधारण वाहन चालक थे, गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और लखनऊ के PGI में उनका इलाज चल रहा था। घर की हालत पहले से ही साधारण ऊपर से बीमारी का बोझ, हालात इतने बिगड़े कि उनकी इकलौती बेटी ने हिम्मत करके वानर सेना से मदद की गुहार लगाई। बस फिर क्या था वानर सेना के धीरज चौहान ने अपनी टीम और लालगंज के अभय (जो लेखन शाला से जुड़े हैं) के साथ मिलकर अभियान छेड़ दिया समाज की ताक़त एकजुट हुई और कुछ ही घंटों में 60 हज़ार रुपये से अधिक का सहयोग जुटाकर विजय प्रताप सिंह के इलाज के लिए मदद पहुँचा दी। इस पुण्य कार्य में वानर देवदूतों की अहम भूमिका रही विकास सिंह, अभिवेक श्रीवास्तव, संदीप, अभय, सचिन, विक्रांत, वरूणेन्द्र, प्रांशू, हर्ष सहित अनेक साथियों ने मिलकर यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जीवित है। यह सिर्फ़ एक आर्थिक सहयोग नहीं था, बल्कि बेटी के आँसुओं को पोंछने और परिवार को हिम्मत देने का प्रयास था।

# नई सोच नया दल के संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आज

- स्वास्थ्य शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ मरीज को देंगे चिकित्सकीय परामर्श: अभितोष मिश्रा

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



नई सोच नया दल संगठन के नेतृत्व में आगामी 28 सितंबर को विकास क्षेत्र शिवगढ़ के तरौंजा गांव में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें लखनऊ के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा गौरतलब हो कि नई सोच नया दल संगठन के अध्यक्ष अभितोष मिश्रा की अगुवाई में आगामी 28 सितंबर दिन रविवार को विकास क्षेत्र शिवगढ़ के तरौंजा गांव में बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लखनऊ के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग मिश्रा द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को निशुल्क रूप से चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नई सोच नया दल संगठन के अध्यक्ष अभितोष मिश्रा ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने गांव क्षेत्र के लोगों को बिना किसी शुल्क के चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराना है उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा हड्डी रोग से संबंधित बीमारी घुटनों में दर्द, रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) में दर्द,चोट- मोच, जैसी समस्याओं का निशुल्क रूप से चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा जिस किसी भी महिला पुरुष को हड्डी रोग संबंधित कोई भी बीमारी है वह शिविर में पहुंचकर निशुल्क रूप से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा सकते हैं आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मेरे पिताजी रामकुमार मिश्र पूर्व प्राचार्य जेएनवी द्वारा मुझे इस कार्य को करने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है उन्हीं के मार्गदर्शन में इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# 1 से 5 में पहुंच गए बच्चे, लेकिन नहीं देखा अध्यापिका का चेहरा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- वर्षों से विद्यालय कर रहा इंतजार तैनाती के बाद भी गायब है सहायक अध्यापिका



अमावां विकासखंड क्षेत्र के ओया ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है जहां बच्चों को शिक्षा दी जाती है ।योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा जहां विद्यालय को सजाया व संवारा गया और विद्यालय में कुल तीन अध्यापक हैं लेकिन ग्रामीण और बच्चे यह बताते हैं की सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात शिल्पी सिंह वर्षों से विद्यालय आई ही नहीं जानकारी करने पर पता चला कि कुछ समय पूर्व इनके ऊपर कुछ कार्रवाई अमावा खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई थी लेकिन कार्यवाही क्या हुई इसकी सही जानकारी नहीं मिल पाई। वही बच्चों द्वारा यह बताया गया कि शिल्पी सिंह को उन्होंने कभी विद्यालय में देखा ही नहीं है जबकि विद्यालय में उमेश चंद्रा प्रधानाध्यापक के तौर पर नियुक्ति है प्रथम नियुक्ति 12.7.2010 बोर्ड पर लिखी हुई है वर्तमान नियुक्ति 19.11.16 लिखी हुई है तो वहीं सहायक अध्यापिका शिल्पी सिंह की प्रथम नियुक्ति 8.9. 2018 लिखी हुई है वर्तमान नियुक्ति 8, 9, 2018 लिखी हुई है वही शिक्षामित्र के तौर पर तैनात गीता की प्रथम नियुक्ति 15.7.2005 लिखी हुई है तो वर्तमान नियुक्ति 16.7.2005 लिखी हुई है प्राथमिक विद्यालय में तैनात अन्य अध्यापक विद्यालय आते हैं तो वही शिल्पी सिंह के बारे में ग्रामीण और बच्चों ने बताया कि यह कभी विद्यालय आई ही नहीं इनको हमने कभी देखा ही नहीं प्राथमिक विद्यालय में दो महिला अध्यापक तथा एक पुरुष अध्यापक तैनात है लेकिन एक महिला और एक पुरुष अध्यापक की बच्चों को शिक्षा दे रहा है वर्तमान समय में शिल्पी सिंह न विद्यालय आती है और न ही बच्चों को शिक्षा देती हैं ।जबकि योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार इस तरह के मामलों में सख्ती बरतती है ।तथा तमाम तरह की योजनाएं चलाकर अध्यापक विद्यालय पहुंचे तथा बच्चों की अच्छी से अच्छी व्यवस्था भी सरकार द्वारा दी गई है जिसके तहत उन्हें शिक्षित करें उसके बावजूद भी लापरवाही कहीं न कहीं ऊंची पहुंच और पकड़ की ओर इशारा कर रही है।

इस विषय में जब खंड विकास अधिकारी अमावा रिचा सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनके सीयूजी नंबर स्विच ऑफ था।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा आपके द्वारा जानकारी मिली है मामले को दिखवाया जा रहा है।

# विद्यालयीय योग प्रतियोगिता 2025-26 का किया गया आयोजन



**बिसवां, सीतापुर।** मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय योग प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हुआ। प्रतियोगिता में लखनऊ, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर के अंडर 14, 17 व 19 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह और प्रधानाचार्य अल्पना अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि योग शरीर को निरोग रखता है। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में सीतापुर विजेता व लखनऊ उपविजेता, अंडर 14 बालिका वर्ग में सीतापुर विजेता व रायबरेली उपविजेता, अंडर 17 बालक वर्ग में सीतापुर विजेता व लखनऊ उपविजेता, अंडर 17 बालिका वर्ग में सीतापुर विजेता व हरदोई उपविजेता रहे। वहीं अंडर 19 बालक वर्ग में सीतापुर विजेता तथा अंडर 19 बालिका वर्ग में सीतापुर विजेता व लखनऊ उपविजेता रहे। इस प्रकार मंडलीय योग प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर का दबदबा बना रहा। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पांडेय व जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा ने किया।

### राजकीय पॉलीटेक्निक में ग्रामीण युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण

**अमेठी।** संजय गांधी राजकीय पॉलीटेक्निक, जगदीशपुर में भारत सरकार से वित्त पोषित सीडीटीपी योजना के तहत ग्रामीण युवक-युवतियों को विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क 6 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य एवं मुख्य परियोजना समन्वयक रामरतन ने बताया कि प्रशिक्षण इलेक्ट्रीशियन, गारमेंट्स मेकिंग, इम्ब्रॉयडरी एवं नीडिल वर्क, वेल्डिंग एण्ड फेब्रिकेशन, ब्यूटीशियन एण्ड हेयर ड्रेसिंग, कटिंग एण्ड टेलरिंग, फूड प्रोसेसिंग तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर डाटा एंट्री ट्रेडों में दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी सीधे संस्थान में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित विषय में आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। चयनित प्रशिक्षकों को योजना अंतर्गत निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ लोगों का संकल्प: धर्मेंद्र सिंह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित कार्यशाला संबंधित संपन्न हुई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों एवं जिला अध्यक्ष द्वारा भाजपा के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर स्वागत सम्मान किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है और यह विजन 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा इसी के तहत इस अभियान को बहुत गंभीरता के साथ जन-जन तक पहुंचना है जिससे भारत का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर व स्वदेशी प्रेमी बन सके। अपने ओजस्वी उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आज की कार्यशाला में आए हुए पदाधिकारियों को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक संपूर्ण करना है साथ ही साथ उन्होंने भाजपा द्वारा राष्ट्रहित में किया जा रहे कार्यो को क्रमानुसार बताया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को140 करोड़ लोगों का संकल्प बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही विश्व के एक ऐसे नेता हैं जो 140 करोड़ लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसमें जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित होगी। जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा हर जन स्वदेशी और हर मन स्वदेशी का नारा दिया गया उन्होंने बताया कि स्वदेशी का प्रयोग कर आत्मनिर्भर भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया स्वदेशी का मंत्र विकसित भारत की आधारशिला है इसमें सभी को उत्साह के साथ जन-जन को जोड़ना है। कार्यशाला में मुख्य रूप से बिसवां के विधायक निर्मल वर्मा लहरपुर के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धासागर करुणा शंकर इंदू सिंह सचिन मिश्रा रामजीवन जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, कंचन प्रभा पांडे, विश्राम सागर राठौर सुधाकर शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी जितेंद्र मेहरोत्रा, रामप्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह तरुण शुक्ला, ऋषभ त्रिवेदी सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

### सीएचसी बिसवां में लगाया गया मेगा कैंप



**बिसवां, सीतापुर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीएससी बिसवां में एक मेगा कैंप लगाया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से देश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसी क्रम में शुक्रवार को सीएचसी बिसवां में एक मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच बच्चों का टीकाकरण शुगर की जांच खून की जांच टीवी व कुष्ठ रोगों की जांच सहित कई स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां चिकित्सकों द्वारा दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने कहा देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि जब देश की हर नारी स्वस्थ होगी तो देश स्वस्थ होगा इसीलिए उन्होंने नारी के स्वस्थ होने के लिए विशेष स्वास्थ्य संबंधी अभियान चलाया है। उन्होंने सीएससी बिसवां के अधीक्षक अमित कपूर की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने अथक प्रयासों से सीएचसी बिसवां को सीतापुर में पहले पायदान पर ला दिया है। अभी कुछ कमियां स्वास्थ्य केंद्र पर बाकी है उनको भी जल्द पूरा किया जाएगा। इस शिविर में इनर व्हील क्लब उड़ान के द्वारा 20 छय रोगियों को गोद लिया गया और उन्हें किटे वितरित की गई जिसमें पोषाहार व दवाएं थी। सीएचसी अधीक्षक ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां उपलब्ध कराते हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब उड़ान की कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा, अध्यक्ष सीमा रस्तोगी, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता सहित सीएससी विश्व के कर्मचारी मौजूद रहे।

# दबिश में पकड़ी गई 76ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम - अन्नीबैजल पुरे उमराव सिंह का पुरवा, अमेठी, हारीमऊ व लक्ष्मण का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र- गौरीगंज में थाना-मुंशी गंज के अंतर्गत ग्राम-पुरे उमराव सिंह का पुरवा से कुल-76लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 200कि ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 5अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई, आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक क्षेत्र-गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ में अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह व प्रीती पाल महिला आबकारी सिपाही व प्रधान आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

# मिशन शक्ति: जीआईसी की छात्राओं को किया गया जागरूक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर ÷सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश÷ थीम के तहत फुरसतगंज पुलिस द्वारा राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष श्रीराम पांडेय के नेतृत्व में राजकीय इंटर कालेज में कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं–बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना–के विषय में छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रचार-प्रसार हेतु पंपलेट एवं मिशन शक्ति फोल्डर भी वितरित किए गए। विशेष सत्र में बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं–महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112–की जानकारी दी गई। उक्त मीटिंग में निरीक्षक रामवीर सिंह, कांस्टेबल अजीत कुशवाहा, कांस्टेबल आरती तिवारी, कांस्टेबल प्रियंका, कांस्टेबल रितु चौधरी मौजूद रहीं।

## यूएन में ट्रंप की मसखरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का जैसा अगंभीर व असामान्य व्यवहार नजर आया, उससे कहीं से नहीं लगा कि वे विश्व की एक महाशक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में युद्धों को समाप्त करने के लिये सिर्फ बयानबाजी नहीं, ठोस रणनीति व गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है। संयुक्त राष्ट्र में डोनॉल्ड ट्रंप खुद को लगातार जबरदस्ती एक शांति के मसीहा के तौर पर पेश करते रहे हैं। उन्होंने दावा दोहराया कि उनके नेतृत्व में दुनिया में सात युद्धों को समाप्त किया गया। दावा कि उन्होंने संघर्ष को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। जबकि इसके विपरीत उनके भाषण का सार कुछ और ही दर्शाता है। साफ नजर आया कि एक ऐसा नेता जो स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सहयोग के स्तंभों को ही कमजोर कर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पूंजीपति सरोकारों के अनुरूप उन्होंने 'जलवायु परिवर्तन को अब तक का सबसे बड़ा धोखा' बताकर खारिज कर दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से पूरी दुनिया में जन-धन की व्यापक क्षति हो रही है। इसके चलते सूखे, बाढ़ व विनाशकारी तूफानों से पूरी दुनिया की खाद्य सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जो मानव जीवन को लगातार संघर्षमय बना रहे हैं। ट्रंप का शांति बनाये रखने के दावे करना और जलवायु परिवर्तन की वास्तविकता को नकारना, उनके विरोधाभासी व्यवहार को ही दर्शाता है। साथ ही उनकी बयानबाजी के खोखलेपन को ही उजागर करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि उन्होंने विश्वव्यापी प्रवासन को 'राष्ट्रों को नष्ट करने वाली' शक्ति बताकर निंदा की, जो मानवता के खिलाफ दुर्भावना ही कही जाएगी। बेहतर भविष्य और सुखमय जीवन की तलाश में प्रवासन सदियों से मानव इतिहास का हिस्सा रहा है। जिसने विभिन्न समाजों को नया आकार दिया है और प्रगति को नई गति दी है। निःसंदेह, प्रवासियों को खतरे के रूप में पेश करना जेनोफोबिया को बढ़ावा देना है। जो वैश्विक समुदायों को विभाजित करने की कुत्सित कोशिश है। ऐसे संघर्ष को रोकने के बजाय इस तरह की गैरजिम्मेदार बयानबाजी सामाजिक आक्रोश और विभाजन को ही जन्म देगी। कालांतर ये विकसित राष्ट्रों में आए प्रवासियों के विरुद्ध नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देगा। निःसंदेह, प्रवासियों के लिये अपने दरवाजे बंद करने से शांति सुनिश्चित नहीं होती। आज जब आधुनिक तकनीक व संचार क्रांति के चलते दुनिया के एक गांव में तब्दील होने की बात कही जाती है तो यह सोच नितांत अतार्किक व मानवीय मूल्यों की विरोधी ही है। वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर ट्रंप का हमला करना और इसे 'अप्रभावी और पाखंडी करार देना'- उनके कथित शांतिदूत होने के दावे को कमजोर करता है। माना कि संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन आज के संघर्षरत विश्व में यह एकमात्र वैश्विक निकाय है, जो संवाद, मानवीय राहत और शांति स्थापना के लिये कारगर विकल्प प्रस्तुत करता है। खुद को शांति के संरक्षक के रूप में प्रस्तुत करते हुए, इस पर अनुचित तरीके से हमला करना, उन्हीं संस्थाओं को कमजोर करना है, जो दुनिया को युद्ध के संकट से बचाने का काम करती हैं। बहरहाल, घटनाक्रम का भारत के लिये स्पष्ट सबक है कि हमें वाशिंगटन के साथ मजबूत संबंध बनाये रखते हुए, अलगावादी-संरक्षवादी राजनीति में नहीं फंसना चाहिए। इसके बजाय, भारत को बहुपक्षवाद, जलवायु नेतृत्व और समावेशी वैश्विक शासन पर दुगनी गति से जोर देना चाहिए। शांति को केवल सैन्य संयम तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिये सच्ची मानवीय चुनौतियों से मुकाबले के लिये सहयोग की आवश्यकता है। ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए एक भाषण ने एक अन्य विरोधाभास को भी उजागर किया, कि एक तरफ तो वे सात युद्धों को समाप्त करने के नाम पर वाहवाही लूटने का श्रेय लेने हेतु तमाम तरह के प्रपंच करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर भविष्य में युद्धों को भड़काने वाली परिस्थितियों को हवा भी देता है। यदि हम दुनिया में सही मायनों में शांति स्थापना की आकांक्षा रखते हैं तो उसके लिये एकजुटता की जरूरत होती है न कि खोखले नारों की।

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर



डॉ. प्रितम भि. गेडाम


**आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7–8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी–खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।**

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है एक भी धड़कन न चूकें। यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें।

दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं।

गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाड़ी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।



अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं- रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव। हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी-खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।

विचार

# भारत में बाल विवाह उन्मूलन की दिशा और यूएन रिपोर्ट

*डॉ. निवेदिता शर्मा*

भारत ने बाल विवाह रोकथाम में हाल के वर्षों में जो प्रगति हासिल की है, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। संयुक्त राष्ट्र की आम सभा के दौरान जारी रिपोर्ट "टिपिंग पॉइंट टू जीरो : एविडेंस टुवर्ड्स अ चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया" ने यह दर्शाया कि 2023 से अब तक भारत में चार लाख से अधिक बाल विवाह रोके गए। यह संख्या आँकड़ों की दृष्टि से तो महत्व रखती ही है, साथ में सामाजिक परिवर्तन की दिशा में यह एक निर्णायक क्षण का प्रतीक है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने एक साल पूर्व जब कहा था कि मौजूदा गति से दुनिया को बाल विवाह मुक्त बनने में लगभग तीन सौ साल लगेंगे, तब किसी ने नहीं सोचा था कि भारत इतनी तेजी से प्रगति कर पाएगा।

आंकड़े कहते हैं, दुनिया के कुल बाल विवाहों में से लगभग एक तिहाई भारत में होते हैं। यह स्थिति केवल भारत की नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी चिंता का विषय रही है। यहां गरीबी, अशिक्षा एवं अन्य कारण मिलकर बाल विवाह को गहराई तक जड़ें जमाने में मदद की है। किंतु पिछले दो दशकों में सरकार, नागरिक समाज और बाल अधिकार संगठनों के संयुक्त प्रयासों ने इस सामाजिक समस्या को बदलने की दिशा में ठोस कदम उठाए। बाल विवाह निरोधक कानून लागू हुआ, लेकिन वास्तविक बदलाव तब शुरू हुआ जब कानूनी ढांचे के साथ सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को जोड़ा गया (Prohibition of Child Marriage Act, 2006)।

साल 2023–24 में ही नागर समाज, पंचायतों और कानूनी हस्तक्षेपों की मदद से 73,501 बाल विवाह रोके गए। इनमें से लगभग 59,364 मामले पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से रोके गए, जबकि 14,137 मामले कानूनी कार्रवाई के कारण रुके (एनसीपीसीआर रिपोर्ट, 2024)। यह आँकड़ा इस बात का प्रमाण है कि पंचायतें और स्थानीय निकाय सक्रिय होने पर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ सकती हैं। असम में बाल विवाह में 84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, वहीं महाराष्ट्र और बिहार में यह गिरावट लगभग 70 प्रतिशत रही (भारत सरकार, 2024)। यह केवल आँकड़े नहीं हैं, बल्कि उन हजारों बालिकाओं के जीवन से जुड़े तथ्य हैं जो समय से पहले विवाह के बंधन से बचीं और शिक्षा तथा भविष्य को सँवारने का अवसर प्राप्त किया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने इस अभियान में विशेष योगदान दिया है। आयोग ने लगातार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से डेटा एकत्र किया, उच्च–जोखिम वाले जिलों की पहचान की और लक्षित कार्यक्रम चलाए (एनसीपीसीआररिपोर्ट, 2024)। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में 27 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों में 11.5 लाख से अधिक बच्चे बाल विवाह के उच्च जोखिम में हैं। आयोग ने न केवल आँकड़ों पर ध्यान दिया, बल्कि जागरूकता अभियान, हेल्पलाइन, बालिकाओं के लिए शिक्षा पुनर्वास और पंचायतों के साथ समन्वय जैसी पहलों के माध्यम से जमीनी स्तर पर बदलाव सुनिश्चित किया।

सामाजिक संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। 2023 में भारत सरकार ने 257 ऐसे जिलों की पहचान की जहाँ बाल विवाह की दर 23 प्रतिशत से अधिक थी। इसके लिए 270 संगठनों को जिम्मेदारी दी गई और प्रत्येक संगठन को 50 गाँवों में काम करने तथा कम से कम छह शादियाँ रोकने का लक्ष्य सौंपा गया। इन प्रयासों के सबूत पोर्टल पर अपलोड किए गए, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। कुछ ही महीनों में आंकड़ा चार लाख से अधिक तक पहुँच गया। यह रणनीति इस बात का उदाहरण है कि जब समाज के विभिन्न वर्गों को ठोस जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व दिए जाते हैं तो परिणाम कितने ठोस हो सकते हैं।

हालाँकि उपलब्धियाँ अनेक हैं, चुनौतियाँ अभी भी बरकरार हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2022 में "प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट, 2006" के तहत 3,563 मामले न्यायालयों में दर्ज हुए, लेकिन केवल 181 मामलों में मुकदमेबाजी पूरी हुई। यह दर्शाता है कि कानूनी प्रक्रिया अभी भी धीमी है और पीड़ितों को न्याय मिलने में विलंब होता है। यदि कानूनी व्यवस्था अधिक तेज और संवेदनशील बनाई जाए तो दोषियों को सजा मिल सकती है और समाज में प्रभावशाली संदेश जाएगा।



भारत में बाल विवाह की दर में पिछले तीन दशकों से निरंतर गिरावट आई है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के कई अध्ययनों के अनुसार 1990 से 2005 तक यह दर लगभग एक प्रतिशत प्रति वर्ष घट रही थी, लेकिन पिछले दशक में यह गिरावट लगभग दो प्रतिशत प्रति वर्ष रही। यह रफ्तार इस बात का संकेत है कि भारत में सामाजिक चेतना और सरकारी नीतियाँ मिलकर ठोस परिवर्तन ला रही हैं।

शिक्षा और महिला सशक्तिकरण ने इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों ने लिंगानुपात सुधारने के साथ–साथ बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का अवसर दिया। जब बालिकाएँ स्कूल में रहती हैं तो विवाह की उम्र तक पहुँचने से पहले उनकी शादियाँ रोकना आसान हो जाता है (भारत सरकार, 2024)। स्व–सहायता समूहों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने भी गाँव–गाँव में जागरूकता फैलाने में मदद की। पंचायत प्रतिनिधियों और सामुदायिक नेताओं के सहयोग ने इस सामाजिक कुरीति को तोड़ने में अहम योगदान दिया। निःस्संदेह इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार धन्यवाद की पात्र है और साथ में वे राज्य सरकारें भी जिन्होंने इसमें रुचि प्रदर्शित कर इसे गंभीरता से लिया। भारत ने अब तक जो उपलब्धि हासिल की है वह न केवल अपने नागरिकों के लिए गर्व का विषय है बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरक उदाहरण है। जब दुनिया के सबसे अधिक बाल विवाहों वाला देश इतनी तेजी से इस कुरीति को कम करने में सफल हो सकता है तो अन्य देशों के लिए भी यह राहदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अथक प्रयास, पंचायतों की सक्रिय भागीदारी, सामाजिक संगठनों का सहयोग और सरकार की नीतियाँ मिलकर एक नई इबारत लिख रही हैं। यह इबारत केवल आँकड़ों की नहीं बल्कि करोड़ों बालिकाओं के सपनों और भविष्य की है।

आज जब भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प ले रहा है, तब यह और भी आवश्यक है कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों का पूर्ण उन्मूलन हो। क्योंकि कोई भी समाज तब तक सशक्त और विकसित नहीं हो सकता जब तक उसकी बेटियाँ स्वतंत्र, शिक्षित और सशक्त न हों। बाल विवाह को रोकना केवल कानून लागू करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन है और भारत ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो यह आंदोलन सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू सकता है।

फिर भी चुनौतियाँ अभी भी अनेक मौजूद हैं। गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक दबाव आज भी बाल विवाह की सबसे बड़ी वजह हैं। कई बार परिवार आर्थिक बोझ कम करने या सामाजिक सुरक्षा के नाम पर बेटियों की कम उम्र में शादी कर देते हैं। लड़कियों की शिक्षा बीच में छूट जाती है और उनका जीवन घरेलू जिम्मेदारियों में सिमटकर रह जाता है। स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी कम नहीं हैं। कम उम्र में गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर बढ़ जाती है, कुपोषण की समस्या गहराती है और महिला स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसके लिए अभी भी हम सभी को मिलकर समाज के सहयोग से अनेक प्रयास करने की जरूरत है।

*(लेखिका, मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य हैं)*

साहित्य

## तुम्हे चलना होगा



**योगेंद्र पांडेय**

चलो कि तुम्हे चलना होगा  
चाहें सूख जाए नदियां,  
टूट जाए सड़क,  
बिखर जाए शूल  
मुरझा जाए फूल॥  
चलो कि तुम्हे चलना होगा  
चाहें छाले पड़े हों पांव,  
मिले ना कोई ठांव,  
रूठ जाए अपने,  
टूटने लगे हों सपने॥  
चलो कि तुम्हे चलना होगा  
चाहें मंज़िल हो दूर  
हो के मजबूर,  
छोड़ना पड़े संसार,  
सहना पड़े अंगार  
चलो कि तुम्हे चलना होगा॥





## राशिफल

**मेषः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृषः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

**कर्कः-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंहः-** राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्याः-** भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें।

**तुलाः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकरः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** नकारात्मक चिंताओ को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव।

**मीनः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

# वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत

*रमेश सर्राफ धमोरा*

विश्व पर्यटन दिवस मानाने का उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने से हमें पर्यटन के हम पर और हमारे आसपास की दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। इसमें दुनिया भर में इसके आर्थिक प्रभाव के साथ–साथ नैतिक, नैतिक और पशु कल्याण संबंधी विचार भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की तरफ से साल 1980 में हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। हर साल यह दिवस विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम है–पर्यटन और हरित निवेश। यह थीम स्थायी पर्यटन अवसंरचना और परियोजनाओं में निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है जो समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध बनाने के साथ हमारे ग्रह की रक्षा में भी मदद करे।

विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। रिपोर्ट में वैश्विक यात्रा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला गया है और अनुमान है कि अगले दशक में यह चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा जो बुनियादी ढाँचे, विपणन और सेवा वितरण में मज़बूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। यह बढ़ता रुझान एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में भारत की क्षमता को रेखांकित करता है और आर्थिक विस्तार एवं रोज़गार को बढ़ावा देने में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेज़ी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे–बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा।

देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है। पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थल की यात्रा शामिल है।

अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है। आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय–समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द–गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं, जहां पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय, वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार




मैगलगंज (खीरी)। कोतवाली क्षेत्र के वीरमपुर गाँव में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल बरामद करने में सफलता पाई। सूत्रों के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मैगलगंज बाईपास ओवरब्रिज के नीचे से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार चोरों की पहचान साहबे आलम उर्फ अजय निवासी नरियन थाना तम्बौर (जनपद सीतापुर) और तौक़ीर निवासी काजीटोला थाना तम्बौर (सीतापुर) के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इनके कब्जे से एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी हाथफूल, एक मांगटीका, एक नथुनी और 3800 रुपये नकद बरामद किए। पूछताछ में दोनों के आपराधिक कारनामों की लंबी सूची सामने आई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडे ने बताया कि दोनों अभियुक्तों पर पहले से ही दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ये लंबे समय से चोरी और लूट की घटनाओं में सक्रिय थे और पुलिस को इनकी तलाश थी। आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई राजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल रामनयन सिंह और हेड कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

### स्वास्थ्य शिविर में 1478 लोगों की हुई जांच



फरधान खीरी। कस्बे के सी एच सी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कई विशेषज्ञ डॉक्टर की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 1478 मरीजों की जांच कराकर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ ने 132 बच्चों, दंत रोग विशेषज्ञ 98 मरीज, नेत्र रोग विशेषज्ञ 94 मरीज, मानसिक रोग विशेषज्ञ 108 मरीज, नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ 118 मरीज, त्वचा रोग विशेषज्ञ 218 मरीज, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 96 मरीज मैं संचारी रोग से संबंधित 216 मरीज एवं अन्य बीमारियों के 231 मरीज का इलाज किया गया है। आयोजित शिविर में 119 लाभार्थियों की आभा आईडी एवं 54 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में फिजिशियन डॉक्टर पी के शुक्ल, बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल वर्मा, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रतिभा अवस्थी, दांत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रौशनी कुमार, फिजिशियन डॉक्टर अमित बाजपेई, आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनम, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश शुक्ल, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपेंद्र गौतम, नेत्र सहायक आमिर हयात और आयुष के डॉक्टर निमेष शुक्ल समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहेगा। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायका मंजू त्यागी ने फीता काटकर किया। डॉ अमित बाजपेई ने बताया सीएचसी पर उचित उजाले की व्यवस्था के लिए विधायिका के द्वारा एक हाई मास्क लाइट दी गई है। जिससे अब सीएचसी पर उजाले की समस्या नहीं रहेगी।

### बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मां की तहरीर पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। थाना गोला क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय बेटी को बहला–फुसलाकर भगाने का आरोप मिथुन पुत्र आशाराम पर लगाया है। पीड़िता की मां ने बताया कि घटना 25 सितम्बर की सुबह करीब 4 बजे की है, जब परिवार सो रहा था। आरोप है कि विपक्षी युवक उसकी बेटी को चुपचाप अपने साथ भगा ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना गोला में तहरीर देने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल, एसपी के निर्देश पर गोला कोतवाली ने दर्ज किया मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम दूलीपुर निवासी रामसनेही मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता है। बीते 1 जुलाई 2025 को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बावजूद इसके, संबंधित थाना पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक खीरी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। रामसनेही, पुत्र रामभरोसे, 1 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे लखीमपुर से अपने गांव लौट रहा था। गोला मार्ग पर सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ्तार सफेद चारपहिया वाहन (वाहन संख्या UP31 7580) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल रामसनेही को तत्काल आरोग्य अस्पताल, गोला में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उसके पैर की हड्डी टूट गई है और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। इलाज के दौरान उसकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना के अगले दिन रामसनेही के परिजनों ने गोला थाने में घटना की लिखित तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इससे आहत होकर पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक खीरी को पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। स्क्कार्यालय से प्राप्त आदेश के अनुसार अब थाना गोला प्रभारी निरीक्षक को केस दर्ज कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। उपनिरीक्षक राजन कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया।

### धान की फसल पर रोगों का हमला 20 फीसदी खेत झुलसे



बिजुआ (खीरी)। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में धान की फसल पकने से पहले ही बीमारी की चपेट में आ गई है। खेतों में हल्दी रोग और कंडुआ का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि हरी–भरी फसल देखते–देखते पीली पड़कर झुलसने लगी है। हालात ये हैं कि किसानों की महीनों की मेहनत अब बर्बादी की कगार पर खड़ी नजर आ रही है। किसानों का कहना है कि धान की बालियों पर गोल–गोल अंडे दूर से ही दिखने लगे हैं। तना कमजोर होकर झुकने लगा है और खेतों में धान गिरने लगा है। सेवा राम, मेवा लाल, बंशीधर, दीनबंधु, ठाकुर प्रसाद, संजीव कुमार और लालता प्रसाद जैसे कई किसानों ने बताया कि महंगी दवाओं का छिड़काव करने के बावजूद कोई असर नहीं दिखा। दवाएं बेअसर साबित हो रही हैं और रोग लगातार फैलता जा रहा है।बारिश थमने के बाद से रोग का प्रकोप तेज हुआ है। किसानों का अनुमान है कि अभी तक लगभग 20 प्रतिशत फसल प्रभावित हो चुकी है। धान की पत्तियां पीली होकर सूख रही हैं और तने झुलस रहे हैं। किसानों को डर है कि अगर यही हाल रहा तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा और उनकी पूरी मेहनत चौपट हो जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराने और कृषि विशेषज्ञों की देखरेख में प्रभावी दवा उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस समय सही कदम न उठाए गए तो बीमारी पूरे क्षेत्र की फसल को तबाह कर सकती है।

### शारदीय नवरात्र पर जय मां भगवती जागरण संपन्न



सादुल्लानगर, बलरामपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्री सिद्धेश्वरनाथ सेवा समिति सादुल्लानगर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल जय मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाजी स्माइल इंटर कॉलेज के प्रांगण में अपार श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि जागरण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक श्रद्धालु माता रानी के भजनों का रसपान करते रहे। प्रसिद्ध शर्मा सिस्टर (कानपुर) ने माता रानी के भजनों की अमृतधारा बहाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। वहीं अभिषेक चक्रधारी आर्ट ग्रुप की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा प्रांगण जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। पूरी रात भक्त भजनों का आनंद लेते रहे और प्रांगण में भक्ति की गंगा बहती रही। सुबह लगभग 4:00 बजे तारा रानी की कथा का श्रवण कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और अपने जीवन को धन्य बनाने का सौभाग्य पाया। इस भव्य आयोजन के यजमान प्रदीप गुप्ता एवं राधेश्याम गुप्ता रहे। जजमान पुरोहित दद्दन शास्त्री एवं शुभम शास्त्री ने पूरे विधि–विधान से कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय कुमार पिंकू सिंह सहित क्षेत्र के उपयुक्त कार्यक्रम में उपस्थित रमेश गुप्ता (प्रधान), राधेश्याम गुप्ता (पत्रकार), प्रदीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, सुजल गुप्ता, विनय गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, विष्णु गुप्ता साहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष व पत्रकार उपस्थित रहे।

# पीएम श्री योजना से सजा पचपेड़ी विद्यालय

**विधायक ने नवनिर्मित कक्षाओं, अत्याधुनिक आईसीटी कक्ष और करके सीखो प्रयोगशाला का किया लोकार्पण**




निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री श्री योजना के अंतर्गत शिक्षा को नई दिशा और आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार को पचपेड़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प हुआ। विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाओं, अत्याधुनिक आईसीटी कक्ष और करके सीखो प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन विधायक पटेल शशांक वर्मा ने किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा दिखा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद उन्होंने विद्यालय को नई सौगातें सौंपीं। जिनमें दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष, 17 कंप्यूटरों से सुसज्जित स्मार्ट क्लास वाला आधुनिक आईसीटी कक्ष, ÷करके सीखो÷ प्रयोगशाला, नन्हें बच्चों के लिए बालवाटिका कक्ष तथा दिव्यांगजन हेतु विशेष शौचालय शामिल रहे। इन सुविधाओं से विद्यालय की छवि निखर उठी और छात्रों के चेहरे खिल गए। विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री योजना शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाई देने और बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास है। यह विद्यालय उस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विद्यालय की अनुशासित कार्यप्रणाली और साफ-सुथरे वातावरण की जमकर सराहना की। साथ ही प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव की दूरदर्शिता और मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ही शिक्षा को मजबूत नींव प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना बेहद जरूरी है और स्मार्ट क्लास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अब बड़े शहरों के स्कूलों के बराबर शिक्षा पा सकेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीईओ धर्मेश यादव, नवीन राठौर, जसवंत वर्मा, मनीष वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार,प्रदीप शाक्यवार, वेदप्रकाश, विजय, हिमांशु चौरसिया, अभिषेक बाजपेई, निर्मल चतुर्वेदी, वैभव पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में आए अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया।

### ग्राम विकास में भ्रष्टाचार पर गरजे ऋषि संतोष, कमिश्नर को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन



**मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखनऊ दौरे पर, कई अफसरों से की मुलाकात**

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने लखनऊ मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत से भेंट कर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। मनरेगा में ठेकेदारों के माध्यम से कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं मजदूरों को मामूली पैसे देकर फोटो खिंचवाकर दिखावे का काम किया जा रहा है। कई ग्राम पंचायत अधिकारी व लेखपाल महीनों पंचायत भवनों में नहीं जाते। ग्राम पंचायत सदस्यों को बैठक में बुलाया तक नहीं जाता। उन्होंने मांग की कि पेंशन योजनाओं (वृद्धा, विधवा, विकलांग, किसान) के फॉर्म पंचायत स्तर पर सही तरीके से भरवाए जाएं ताकि गरीबों को अनावश्यक दौड़भाग न करनी पड़े। श्री शर्मा ने गन्ना किसानों की समस्या पर भी आवाज उठाई। कहा, वर्षों से भुगतान लंबित है, जिससे किसान कर्ज और बिजली बिलों के दबाव में हैं। उन्होंने मांग की कि आधा भुगतान नगद व शेष 15 दिन के भीतर बैंक में भेजा जाए। इसके अलावा उन्होंने फरधान–गोला–लखीमपुर रोड पर अधूरे ओवरब्रिज के बावजूद चल रहे टोल प्लाजा को बंद करने की भी मांग की। मंडल आयुक्त ने ज्ञापन पर गंभीरता दिखाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्री शर्मा लखनऊ दौरे पर राज्यपाल, उप श्रम आयुक्त, पिछड़ा वर्ग निदेशक, उप चकबंदी आयुक्त समेत कई अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं।

### जाली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार, साथी की तलाश




मैलानी खीरी। अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी हिमांशु गौतम पुत्र राम रतन को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि हिमांशु के पास से 500–500 रुपये के चार जाली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत दो हजार रुपये है। इस मामले में थाना मैलानी में मुअसं 386/2025, धारा 179 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, इस प्रकरण में प्रकाश में आए दूसरे आरोपी शोभित पुत्र प्रमोद की तलाश की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# डांडिया कार्यक्रम में अश्लीलता, हिंदू संगठनों के विरोध पर कार्यक्रम रद्द

**कार्यक्रम रद्द होने के बाद में गूंजा रामनाम**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।





नवरात्रि पर्व के बीच विलोबी हाल में आयोजित होने वाला गरबा-डांडिया कार्यक्रम विवादों में घिरकर रद्द हो गया। एसडीएम सदर को हिंदू संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर कार्यक्रम पर आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद प्रशासन ने साफ किया कि आयोजकों को अनुमति नहीं दी गई थी। कार्यक्रम रद्द होने के बाद हिंदू संगठनों ने विलोबी हाल में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और राम नाम का जप कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गरबा नाइट कार्यक्रम में हुए अश्लील गानों पर डांस की वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया था। इसके बाद हिंदू संगठन भी आगे बढ़कर आए और अपना विरोध जताया। हिंदू जागरण मंच के एडवोकेट राहुल तिवारी ने कहा कि गुजरात की तर्ज पर आयोजित होने वाले डांडिया कार्यक्रम में इस बार आपत्तिजनक घटनाएँ हुईं। माता दुर्गा के नाम पर कार्यक्रम किए गए लेकिन उसमें अश्लील गाने बजाए गए, अश्लीलता फैलाई गई और शराब-बियर तक परोसी गई। यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। सनातन धर्म में माता-बहनों का सम्मान सर्वोपरि है, ऐसे आयोजनों का विरोध होना ही चाहिए, उन्होंने कहा। श्री तिवारी ने आगे कहा कि बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल पर पंडाल लगाना और साउंड सिस्टम का प्रयोग करना कानून का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि आयोजकों पर मुकदमा दर्ज हो। धर्म के नाम पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो कोर्ट के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, उन्होंने चेतावनी दी। सदर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने आयोजनों पर रोक लगा दी है। विलोबी हाल में कार्यक्रम रद्द होने के बाद कई हिंदू संगठन एकजुट हुए और पंडाल में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्रद्धालुओं ने घंटों तक राम नाम का सामूहिक जाप कर वातावरण को भक्ति और आस्था से भर दिया। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है। एसडीएम सदर ने स्पष्ट किया कि आयोजकों को कोई अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए कार्यक्रम रद्द कराया गया। गौरतलब है कि नवरात्र पर्व पर गरबा-डांडिया कार्यक्रम देशभर में परंपरा और संस्कृति का प्रतीक माने जाते हैं, लेकिन धार्मिक आस्था के नाम पर अश्लीलता और नशे को बढ़ावा देने के आरोपों ने इस बार विवाद को जन्म दिया। प्रशासन और हिंदू संगठनों की सख्ती के चलते विलोबी हाल में कार्यक्रम नहीं हो सका और उसकी जगह धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण गूंज उठा।

# पं. दीनदयाल जयंती पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मिला 'भाजपा रत्न' सम्मान

**पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने समारोह में की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा**

गोलागोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



नगर पालिका परिषद सभागार में गुरुवार सायं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक उ.प्र. सुरजन लाल वर्मा मौजूद रहे। सभा की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर भाजपा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भाजपा रत्न सम्मान से नवाजा गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीपेन्द्र गुप्ता, मुन्नालाल स्वर्णकार, अवधेश मिश्रा, वीर सिंह चौहान, विज्ञान मुरारी, अयोध्या प्रसाद वर्मा, उमाकांत स्वर्णकार, ओमप्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रकाश चन्द्र गुप्ता व विजय आनंद को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने संबोधन में कहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का गोला से गहरा जुड़ाव रहा है। भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुँचाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने आगे बताया कि नगर में 'माँ अन्नपूर्णा रसोई', निःशुल्क पुस्तकालय, मुक्तिधाम में निःशुल्क रसीद, चिलर/डीफीजर लाने-ले जाने की सुविधा तथा विद्यालयों में बेंच की व्यवस्था जैसी योजनाओं से जनसरोकार को मजबूती दी गई है। मुख्य अतिथि सुरजन लाल वर्मा ने कहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बोया गया विचारों का बीज आज भाजपा के रूप में एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री (पिछड़ा वर्ग मोर्चा) विनोद स्वर्णकार ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, अशोक सक्सेना, राजेश राठौर, अरुण अवस्थी, कैलाश गुप्ता, तेज प्रकाश शुक्ला, शिवम गुप्ता, अंकुर वर्मा, विजय मिश्रा, विजय झा, अनुराग गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, बाल गोविंद वर्मा, ऋषि गुप्ता, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कक्षा 12 की नवदीप कौर बनीं एक दिन की सजीसीएनडी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य



लखीमपुर खीरी। जिले में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन जहां सुरक्षा और जागरूकता की जिम्मेदारी निभा रहा है, वहीं शैक्षणिक संस्थान भी बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिले में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को अलीगंज बांसी स्थित एस.जी.सी.एन.डी. पब्लिक स्कूल में एक विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा नवदीप कौर को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या बनाया गया। यह जिम्मेदारी संभालते हुए नवदीप कौर ने शिक्षकों और छात्राओं के साथ संवाद किया, अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए और छात्राओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना ने नवदीप कौर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं को इस प्रकार के नेतृत्व अवसर मिलने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होती हैं। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान से जुड़ी जानकारियां भी छात्राओं को दी गई। महिला सुरक्षा दल ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों–वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपात सेवा-112, चाइल्ड लाइन-1098, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और साइबर हेल्पलाइन-1930–की जानकारी दी। साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए।

### बिजली कटौती और चोरों के आतंक से लोग बेहाल

रेहरा बाज़ार। क्षेत्र में इन दिनों बिजली आपूर्ति पूरी–पूरी रात ठप रहती है। लगातार हो रही अघोषित कटौती से आम जनता परेशान है। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर भी लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा–अर्चना करने में भारी दिक़्क़त का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गुल होने से जहाँ लोगों की दिनचर्या प्रभावित है, वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों का आतंक भी बढ़ गया है। चोर अंधेरे में वारदात कर आसानी से फरार हो जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली न रहने से सुरक्षा व्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि नवरात्रि के अवसर पर बिजली आपूर्ति नियमित की जाए और चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# सादुल्लानगर सीएचसी में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर में 210 मरीजों का हुआ उपचार

**सेवा परववाड़ा कार्यक्रम का सफल आयोजन**



बलरामपुर। सादुल्लानगर जनपद में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता बहरैची प्रसाद गुप्ता व दीप चंद्र जायसवाल किया। शिविर का निरीक्षण करते हुए चिकित्सा अधिकारी डा0 विजयभान ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और सामान्य मरीजों के लिए ऐसे विशेष चिकित्सा शिविर अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज की जांच एवं उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और अधिक से अधिक लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। कुल 210 मरीजों का उपचार किया गया। 25 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। 42 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जांच की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 48 पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। टीबी के 12 मरीजों की जांच की गई। 82 मरीजों का बीपी एवं शुगर परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान दीपचंद जायसवाल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों को राहत पहुंचाने का बड़ा माध्यम हैं। इस अवसर पर डॉ. आशीष कुमार गुप्ता एमडी मेडिसिन, डाक्टर अभिषेक यादव, डाक्टर केपी चौधरी, डाक्टर अंजुम खान स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड ब्वाय दिनेश त्रिपाठी व चौकीदार बसंत गौतम ने स्थानीय कार्य किया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसीसंख्या 276723912 मे मेरा नाम महेंद्र विक्रम यादव पुत्र पतिराम यादव अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में भाई लाल पुत्र पतिराम यादव लिखा है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में महेंद्र विक्रम यादव उर्फ भाई लाल अंकित किया जाए ।

महेंद्र विक्रम यादव उर्फ भाई लाल पुत्र पति राम यादव ग्राम नगर पोस्ट बहराइच जिला बहराइच

मो. 7398814005

### कार्यालय ग्रा0पं0 प्रहलादपुर संतोष वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांक:01/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 26/09/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्तयोजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रहलादपुर संतोष विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 27/09/2025 से दिनांक 03/10/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 03/10/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 27/09/2025 से दिनांक 03/10/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामस्वरुप फौजी के घर से बेचेलाल के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य | 3.59 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सुनील के घर से मैन रोड तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 3.70 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मनोरमा) ग्रा0पं0 प्रहलादपुर संतोष, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

### उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catg-RBL-SMU-251 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 at 11:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13 | 09.10.2025 at 11:30 hrs. | SMU | ST |
| 2 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-45-24-1 | PYGS/PF4-5/110 | 09.10.2025 at 11:40 hrs. | SMU | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2981/25

# थानाध्यक्ष गैंडास बुजुर्ग कीअगुवाई में किया फ्लैगमार्च

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का संदेश देने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष गैड़ास बुजुर्ग राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को मय हमराह पुलिस बल बाइक से फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च चौकी बांकभवानी क्षेत्र के महुआ बाजार से शुरू होकर थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर निकला। फ्लैग मार्च का आरंभ महुआ बाजार बांकभवानी से हुआ। इसके बाद पुलिस दल मधपुर तिराहा, बेथुइया, इटई रामपुर होते हुए पुनः महुआ बाजार और बांकभवानी चौकी मार्ग से गैड़ास बुजुर्ग थाने तक पहुंचा। पूरे मार्ग में स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता को देखा और सराहा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि यह फ्लैग मार्च विशेष रूप से त्योहारों और आगामी आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा, पुलिस की प्राथमिकता है कि आम नागरिक सुरक्षित और निश्चिंत माहौल में अपने कार्य और त्योहार मना सकें। फ्लैग मार्च से जनता का भरोसा बढ़ता है और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश जाता है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने रास्ते में पड़ने वाले बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया, मुख्य चौराहों पर रुककर स्थानीय लोगों से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी।स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस की इस पहल को सराहा। उनका कहना था कि ऐसे मार्च से जहां असामाजिक तत्वों में भय पैदा होता है, वहीं जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। पुलिस बल के जवानों ने पूरे मार्ग में अनुशासित ढंग से बाइक रैली निकाली। हेलमेट, वर्दी और सुरक्षा उपकरणों के साथ पुलिस कर्मियों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को सुरक्षा और अनुशासन का संदेश दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस हर समय सतर्क है और जनता की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। फ्लैग मार्च के इस आयोजन ने न केवल पुलिस की सक्रियता को प्रदर्शित किया, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया कि त्योहारों और दैनिक जीवन में उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर पल तैयार है।इस मौके पर उप निरीक्षक साजिद इमाम, करमचंद यादव समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# फलों पर स्टीकर चिपके मिले तो होगी कार्रवाई : डीएम

▸ उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं : जिलाधिकारी

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उपभोक्ताओं को मिलावट और नकली औषधियों के खतरे के प्रति सतर्क करने के लिए प्रचार-प्रसार तेज करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी कोल्ड स्टोरेज एवं आंगनबाड़ी केंद्रों समेत सभी खाद्य इकाईयों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिया कि फलों में स्टीकर चिपके मिले तो फल विक्रेताओं पर कार्यवाई की जाये। उन्होंने कार्बेट/ रसायन से केला व फलों के पकाने पर लगे रोक लगा दी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि केला और अन्य फलों को प्रायः दुकानदार कार्बेट/ रसायन से पकाकर बेचते है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है, इसलिये इस पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त खाद्य द्वय, सहित खाद्य सुरक्षा विभाग, औषधि निरीक्षक विभाग, आबकारी, उद्धमी और व्यापारीगण सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति : नैना बनीं जिला विद्यालय निरीक्षक

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे सौ दिवसीय मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को प्रमुख प्रशासनिक पदों पर एक दिन आसीन करते हुए एक्पोज़र देने के अंतर्गत कार्ययोजना के अनुसार कक्षा 12 की छात्रा कु0 नैना घोष को एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक तथा राजकीय जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष की कुर्सी कु0 अल्पना यादव को सौंपी गयी। दोनों छात्राओं ने इस अवसर पर आने वाले लोगों से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया, दायित्वों को समझने का प्रयत्न किया। कार्यालय का निरीक्षण किया और स्टाफ के साथ मीटिंग की। इस अवसर पर अपना अनुभव शेयर करते हुए कु0 अल्पना यादव ने कहा, कि इस कुर्सी पर बैठ कर हमें यह एहसास हुआ कि इस कुर्सी तक पहुँचने के लिए हमें और अधिक मेहनत और लगन की आवश्यकता है, ताकि हम एक दिन कामयाब होकर इस कुर्सी के वास्तविक हकदार बनें। कु0 नैना घोष ने अपना अनुभव शेयर करते हुए, कि मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है, कि मैंने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया हो। यह अनुभव अत्यंत सुखद था। मुझे लगता है, कि इस प्रशासनिक ओहदे तक पहुँचने के लिए मुझे अपना लक्ष्य फिर से निर्धारित करना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक, एवं पुस्तकालयाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके लक्ष्य को एक नई दिशा दी।

## खबरें एक नजर में

### छिनैती का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार



फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। पुलिस ने छिनैती की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शेखपुर रेलवे क्रॉसिंग से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो की पहचान सीतापुर के कमल कुमार और राहुल के रूप में हुई है। कमल कुमार महमूदाबाद थाना क्षेत्र के मल्पुर का निवासी है राहुल रेउसा थाना क्षेत्र में रहता है। दोनों ने बुधवार रात मकदूमपुर क्रॉसिंग के पास एक पानी के बताशे विक्रेता की दुकान से रुपये छीने थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दोनो को पकड़ लिया। आरोपियो से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा दो पेचकस,एक प्लास और छीने गए 2200 रुपये भी मिले है। पुलिस आरोपियो के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई कर रही है।

### कौमी एकता का प्रतीक देवा मेला का 10 अक्टूबर को होगा अवकाश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी के तत्वावधान में आयोजित वर्ष 2025 के देवा मेला का दिनांक 08 अक्टूबर 2025 से शुभारम्भ हो रहा है, जिसमें सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता हाजी कुर्बान अली शाह की मजार पर चादर अर्पण कार्यक्रम पूर्व में निर्धारित 11 अक्टूबर के स्थान पर अब 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को आयोजित होना है। चादर अर्पण कार्यक्रम के अवसर पर मैनुअल आफ गर्वनमेंट आर्डर्स (संशोधित) 1981 संस्करण पैरा-247 (सी) की व्यवस्थानुसार स्थानीय अवकाश, घोषित किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि देवा मेला वर्ष 2025 के उपरोक्त कार्यक्रम में परिवर्तन के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी में स्थानीय अवकाशों की सूची में अंकित उक्त स्थानीय अवकाश दिनांक 11अक्टूबर 2025 को संशोधित करते हुए 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### दो मनचलों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज़। बकेवर थाना पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान चलाकर दो मनचलों को जो आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियाँ कसने के आरोप में गिरफ्तार किया है उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने दोनों मनचलों को जेल भेजने की कारवाई की। इसके अलावा स्कूल के आसपास घूमने वाले 33 शोहदों को मुचलका भरवाकर चेतावनी दी गयी। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया मिशन शक्ति के तहत लखना के मिशन शक्ति केंद्र बनाया गया है मिशन शक्ति के प्रभारी लखना चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने मिशन शक्ति टीम महिला दीवान मिलन व सिपाही पूजा पवांर, सपना, अंजली, दीवाना मनमोहन,सिपाही रोहित, मुनेश के साथ लखना में मनचलों के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें मिशन शक्ति प्रभारी स्वदेश कुमार ने लखना कस्बा के इंद्रा कालोनी निवासी शिवेंद्र को रामलीला देखने को रास्ते में आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते पकड़ा है। इसके अलावा एसआई शोभित कुमार ने सोबरन सिंह इंटर कालेज के सौ मीटर पहले आती जाती महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले युवक भूधर नारायण उर्फ़विवि तिवारी निवासी ग्राम सनियापुर, थाना डेरापुर कानपुर देहात को पकड़ा। दोनों मनचलों के विरुद्ध बकेवर थाना में पुलिस ने मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्यवाई की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा मिशन शक्ति के तहत स्कूलों कालेजों के आसपास रास्तों पर अकारण ही घूमते फिरते 33 शोहदों को पकड़कर थाना पर लाकर उनके परिजनों को बुलाकर बंधन पत्र भरवाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया हैं।

### सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार

इटावा, समृद्धि न्यूज। पछायगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। उदी से बाह की ओर जा रहा यात्रियों से भरा एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराया। इस भीषण टक्कर में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आचार के दो एक महिला और पुरुष की भी बीती रात मौत हो गई। घायलों को पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छह लोगों को उनकी नाजुक हालत देखते हुए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान वहां दो और घायलों ने दम तोड़ दिया। इस तरह इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। हादसे में जान गंवाने वालों में मध्यप्रदेश के भिंड जिले की 50 वर्षीय अनीता पत्नी भारत सिंह (निवासी रैपुरा) और 55 वर्षीय विरन श्री पत्नी केशव सिंह (निवासी चक्रपुरा) शामिल हैं, जिनकी मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं सैफई मेडिकल में इलाज के दौरान 45 वर्षीय आशा देवी पत्नी सत्यभान सिंह और 46 वर्षीय नरसिंह पुत्र महाराज सिंह, दोनों निवासी रैपुर बरही, जिला भिंड की भी मौत हो गई। ऑटो में सवार अन्य चार गंभीर घायलों का इलाज फिलहाल सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि घायलों की हालत चिंताजनक है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे की जांच की जा रही है और डंपर मालिक व चालक की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी।

## दो सौ वर्ष पुरानी हैदरगढ़ की रामलीला, आस्था व विरासत का है केंद्र



हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। विगत 200 वर्षों से रामलीला महोत्सव के तहत हैदरगढ़ के प्रमुख मार्गों से निकलने वाली राम बारात हैदरगढ़ का एक प्रसिद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें भगवान राम की विवाह बारात को धूमधाम से निकाला जाता है। यह आयोजन स्थानीय लोगों की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं। गुरुवार की देर रात्रि संपन्न हुई राम बारात में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष शशांक कुशुमेष, पूर्व विधायक राममगन रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी, बीजेपी नेता व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशुतोष अवस्थी टिंकू, प्रधान अरुण शुक्ला, भाजपा नेता प्रमोद तिवारी, शक्ति सिंह व पंकज दीक्षित, युवा नेता पप्पू सिद्दीकी, मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित व रणवीर सिंह मोनू, अमित सिंह, अनुज द्विवेदी दीपू, ग्राम्यांचल सेवा समिति के अध्यक्ष शरद अवस्थी पिंटू, अलगू सिंह प्रधान, अनन्त मिश्रा राम,विपिन साहू, राहुल दीक्षित, नीलू मिश्रा मौजूद रहे। जगह जगह भगवान राम सहित चारों भाइयों की आरती उतारी गई। प्रसाद का वितरण किया गया।

## मनु शर्मा हिन्दी साहित्य अवार्ड से होंगे सम्मानित

▸ प्रियांशु गजेंद्र, तालिब नजीब कोकब को मिलेगा मजाज अवॉर्ड

▸ दो अक्टूबर को कवि सम्मेलन व मुशायरा में बहेगी कौमी एकता की बयार, नामचीन शायर व कवि अपनी रचनाओं से बंधेंगे समां

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।





प्रख्यात गीतकार एवं कवि प्रियांशु गजेंद्र को मनु शर्मा हिंदी साहित्य अवार्ड तथा देवा मेला आल इंडिया मुशायरा समिति के सचिव चौधरी तालिब नजीब कोकब को मजाज़ उर्दू साहित्य अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान गांधी जयंती पर होने वाले कवि सम्मेलन एवं मुशायरा कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा। यह बात शुक्रवार को गांधी भवन में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले महात्मा गांधी सप्ताह की बैठक में कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने कही। इस बैठक में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा कार्यक्रम को अन्तिम रूप दिया गया। बताते चले कि गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट द्वारा 1978 से आयोजित होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आगामी 02 अक्तूबर को गांधी भवन में शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात कवि एवं गीतकार प्रियांशु गजेंद्र, मशहूर शायर डॉ अंजुम बाराबंकवी (भोपाल), शोएब अनवर, सलीम सिद्दीकी, फैज़ खुमार, वकार बाराबंकवी, उस्मान मिनाई, फ़ैजान किदवई, असद उमर, योगेंद्र शुक्ल 'मधुप', अरविंद मिश्र, जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू' जैसे कवि और शायर अपनी रचनाओं से आयोजन में समां बांधेंगे। श्री किदवई ने बताया कि कवि सम्मेलन व मुशायरे की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। गांधी जयन्ती पर होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में साहित्य जगत की कई जानी मानी हस्तियां शिरकत कर चुकी है। खास बात यह है कि गांधी जयन्ती के कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का इंतजार जिले के साहित्यप्रेमियों के साथ ही कई कवियों व शायरों को भी होता है। इस बार 02 अक्टूबर को यह आयोजन पूरी भव्यता के साथ हो रहा है। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, वासिक वारसी, मृत्युंजय शर्मा, साकेत मौर्य, सत्यवान वर्मा, विनोद भारती, अशोक शुक्ला, अनवर महबूब किदवई, रणंजय शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

## बच्चों के संतुलित आहार पर ध्यान दें माताएं : डॉ. गोविंद

▸ चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




माताएं बच्चों के संतुलित आहार पर ध्यान दें, हेल्दी डाइट न मिलने पर बच्चों को एनीमिया, पेट दर्द और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। यह बातें बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार करते हुए केजीएमयू के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गोविंद पांडेय ने बच्चों व अभिभावकों को बताया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गौरव सिंह ने कहा कि बदलती ऋतु में खान-पान और साफ सफाई की कमी के कारण बच्चों में पेट दर्द, एनीमिया, खांसी बुखार और संक्रामक रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वर्षा ऋतु के बाद डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसे बुखार रोग बढ़ते हैं, बुखार पीड़ित बच्चों की तत्काल जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार कराएं।

स्वास्थ्य परीक्षण में लगभग एक दर्जन बच्चे एनीमिया और फुंसी व पेट दर्द की समस्या में पाए गए जिनका उपचार किया गया। लगभग 170 बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी को स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने चिकित्सकों का स्वागत किया। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव ,प्रिया मौर्य, पूनम रत्नाकर, अर्चना ,प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया, तथा कर्मचारी जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित कई अभिभावको ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## एस्ट्रोमंच वास्तुकला कार्यालय का शुभारंभ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



कस्बा हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड में शीतला माता मंदिर मार्ग पर स्थित एक भवन में एस्ट्रोमंच वास्तुकला के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ हुआ। एस्ट्रोमंच के चेयरमैन विष्णु नारायण सिंह ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कथा व्यास रामानुजाचार्य ने आचार्यों के सहयोग से वैदिक मंत्रों के बीच कार्यालय का शुभारंभ कराया।

उद्घाटन के बाद चेयरमैन ने कहा कि व्यक्ति की उन्नति में वातावरण का बहुत बड़ा योगदान है। किसी भी समाज में सभी स्तरों पर वातावरण ही उन्नति दिशा दशा तय करता है। वास्तु शास्त्र वातावरण का विज्ञान है। यह हमें पंच तत्वों के साथ संतुलित जीवन जीना सिखाता है। आज दुनिया के विकसित देश तरक्की की राह पर इसलिए है क्योकि उन्होंने खुले दिल से वास्तु के सिद्धान्तों को अपनाया है। अमेरिका जैसे विकसित देश भी बिना वास्तु के नियमों के कुछ भी निर्माण नही करते हैं। दक्षिण भारत की समृद्धि भी वास्तु पर आधारित निर्माण कार्यो का परिणाम है। इसी परम्परा को बढ़ाते हुए हैदरगढ़ क्षेत्र में एस्ट्रोमंच वास्तु कला का नया कार्यालय शीतला मन्दिर के पास बजरंग सुत निवास के प्रांगण में शुभारम्भ किया गया है। इसके साथ ही उत्तर भारत की विकास यात्रा का नया अध्याय आरम्भ हो रहा है। आप भी इससे जुड़कर वास्तु के सिद्धान्तों का लाभ उठाइये। और समाज की प्रगति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाइये।

इस मौके पर चेयरमैन आलोक तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी, शादाब अहमद , राजकुमार सोनी, महेश अग्रवाल, राम सिंह, प्रमोद, आमोद, यश कुमार, बिवान मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। गुरुवार शाम को एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक की पहचान कमलेश कुमार के रूप में हुई है जो रैकवारनपुरवा के निवासी थे।घटना उस समय हुई जब कमलेश कुमार खेत से अपने घर लौट रहे थे।मजार के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हे टक्कर मार दी।हादसे मे वह सड़क पर गिर गए। राहगीरो ने तुरंत उनके परिजनो को सूचना दी। परिजन घायल कमलेश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए। चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। बीती रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।इसरौली चौकी इंचार्ज मृदुल मयंक पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आवासीय बालिका विद्यालय में नारी सुरक्षा सम्मान कार्यक्रम आयोजित

▸ पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी व सूचना अधिकारी नीलम यादव रहीं मौजूद

इटावा, समृद्धि न्यूज।



नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी ने छात्राओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न अवसरों की जानकारी विस्तार से प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज छात्राएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर मिले तो वे समाज और परिवार दोनों को सशक्त बना सकती हैं।

उन्होंने कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि छात्राओं को अब निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत जो यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसमें बालिकाएं शक्ति की कुंज है उनमें क्षमता है मातृशक्ति बच्चियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महसूस कराया जा सकता है वह अवला नहीं सबला है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला पूर्ति निरीक्षक आरफा, अध्यापकों सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

## दृष्टिहीन बच्चों को केक व मिठाई खिलाई



इटावा, समृद्धि न्यूज।

अधिकारों की ताकत के पदाधिकारियों ने बजरिया पक्का तालाब के.के.डी.सी. के सामने स्थित स्पर्श दृष्टि बाधित शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान में दृष्टिहीन बच्चों के साथ खोए से निर्मित केक काटकर व बिस्किट, नमकीन, समोसे आदि स्नेक्स वितरित कर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष महाशक्ति ने अपने संबोधन में बताया की स्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्ट एक अहम भूमिका रखता है और यह बताया कि फार्मासिस्ट द्वारा जनहित में दी जाने वाली सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद देने के लिए 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रदेश महासचिव सुबोध बाबू, प्रदेश सचिव जयवीर सिंह, जिलाउपाध्यक्ष वंश अग्रवाल, जिला सचिव शिवम शंखवार, समर्थक सरस्वती, निहारिका भदौरिया, कार्तिक, शंकर यादव, अमरदीप यादव, अवनीश राजपूत, राहुल कुशवाहा, अनिरुद्ध, अंशु शाक्य, अभिनय शाक्य, आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी



इटावा, समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई इसके बाद निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए।

यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया। परेड के बाद उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारी का अर्दली रूम किया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

## शादी अनुदान योजनांतर्गत सभी पात्रों को डीएम ने लाभ देने के दिये निर्देश

▸ जन कल्याणकारी योजनाओं की बैठक

इटावा, समृद्धि न्यूज।



जन कल्याणकारी योजनाओं की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। बैठक के दौरान समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, प्रोबेशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आदि की योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि शादी अनुदान योजनांतर्गत अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिया जाए, जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना का भौतिक लक्ष्य 1200 है, जिसमें प्राप्त कुल आवेदन की संख्या 1150 है एवं अब तक कुल 928 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। ओ लेवल, सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत कुल 583 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया, जिसमें ओ लेवल में 209 एवं सीसीसी में 72 चयनित प्रशिणार्थियों को संबंधित संस्थाओं द्वारा 6 अगस्त से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजनांतर्गत बताया कि पूर्व वर्ष की तुलना में इस वर्ष मृतक की संख्या में बढ़ोतरी पाई गई है, योजना में स्वीकृत आवेदनों की संख्या 32993, नवीन स्वीकृत आवेदन संख्या 1387, मृतक 284 एवं अपात्र आवेदन 82 है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदकों की संख्या 3219 है, जिसमें स्वीकृत आवेदन 2200 एवं अस्वीकृत आवेदन संख्या 1019 है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने हेतु निर्देश दिए। उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत 19 प्रकरण लंबित पाए गए, जिसपर जल्द से जल्द निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। सखी-वन स्टॉप सेन्टर के अंतर्गत इंडिकेटर बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन इकाई के अंतर्गत 42 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें सभी का निस्तारण करा दिया गया। उक्त बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला व्यापार मंडल का विस्तार, मेहताब बनीं जिला संगठन मंत्री

इटावा, समृद्धि न्यूज। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महिला जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री गुड्डी बाजपेई ने महिला संगठन का विस्तार करते हुए मेहताब बेगम को जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है, मैहताब बेगम केजीएन बैंगिल स्टोर की ओनर हैं, उन्हें संगठन मंत्री का दायित्व मिलने पर प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उद्योग मंच के अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, युवा जिलाउपाध्यक्ष शेख नबाब, महिला जिलामहामंत्री ममता दुबे, महिला संगठन मंत्री प्रमिला पालीवाल, पप्पू हसन आदि व्यापारी नेताओं ने उनका अभिनंदन किया।

# व्हाट्सएप पर बढ़ रहे एपीके स्कैम से रहें सावधान

**▸ टू स्टेप वेरिफिकेशन सिक्युरिटी देती है सुरक्षा**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हाल के दिनों में व्हाट्सएप पर नये तरीके का स्कैम हो रहा है। एपीके फाइलों और फर्जी लिंक के जरिए साइबर अपराधी व्हाट्सएप मैसेज या ग्रुप्स में नकली ऐप डाउनलोड करने के लिए लिंक भेजते हैं, जिन्हें क्लिक करते ही मोबाइल में हानिकारक एपीके इंस्टॉल हो जाता है। यह फाइल आपके बैंकिंग पासवर्ड, ओटीपी, कॉन्टैक्ट्स और अन्य निजी डेटा चुरा सकती है। ऐसा ही मामला पेट्रोल पंप व्यवसाई रानू गुप्ता के साथ हुआ। उनकी कंपनी के ग्रुप में महाराष्ट्र ट्रैफिक पुलिस की तरफ से चालान का मैसेज आया।

उनके क्लिक करते ही उनके मोबाइल से एक साथ कई सारे ग्रुप में मैसेज चला गया। उनके मोबाइल में ओटीपी आने शुरू हो गये, इसी बीच साइबर सुरक्षा के लिये जागरूकता अभियान चला रहे मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी अमर से उनकी बात हुई, उन्होंने मौके पर पहुंच कर फोन से सिम डिएक्टिवेट करते हुये यूपीआई आईडी को बदला। रानू गुप्ता ने बताया कि थोड़ी ही देर में उनके नंबर से सैकड़ों लोगों को चालान जमा करने के संदेश चले गये। पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों को जागरूक करते हुए एमसीएमआर प्रमुख गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि अपराधी अक्सर खुद को सरकारी योजना, ट्रैफिक पुलिस, बैंक ऑफर या लकी ड्रा की आड़ में भरोसा दिलाते हुये लिंक भेजते है।

लिंक को फॉरवर्ड करने के लिये भी कहते है, एक साथ कई ग्रुप में भेजने पर अनजाने में कई सारे लोग उनके जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज व्हाट्सएप मैसेंजर शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी, सामाजिक संगठन आदि के आपसी संवाद एवं सूचना साझा करने का प्रमुख अंग बन गया है। मोबाइल हैक और स्पैम से बचने के लिये व्हाट्सएप में टू स्टेप वेरिफिकेशन सिक्युरिटी फीचर को एक्टिव कर लेना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी की जल्द ही उनकी टीम ऑनलाइन लाइव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी।

**लिंक आने पर क्या करें सावधानियां**

1- केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें।
2- किसी भी अनजाने लिंक या एपीके फाइल को कभी इंस्टॉल न करें।
3- संदिग्ध मैसेज को तुरंत डिलीट करें और जरूरत पड़ने पर रिपोर्ट करें।
4- अपने व्हाट्सएप और मोबाइल में टू-स्टेप वेरिफिकेशन जरूर ऑन रखें।
5- अनजाने नंबर से सावधान रहें लेकिन परिचित के भेजें सन्देश की भी जांच करें। संदेह होने पर परिचित से फोन कॉल करें।
6- मोबाइल में आने वाले किसी भी मैसेज या पॉपअप को नजरअंदाज न करें।

# दुर्गा पूजा पंडाल में हुआ प्रिया शाक्य का स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला बस्तीराम के प्राचीन शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर के पास दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने माता रानी की विधिवत आरती उतारी और प्रसाद का भोग लगाया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा -मां दुर्गा की कृपा से हम सबका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर हो। नवरात्रि का यह पर्व हमें शक्ति, भक्ति और एकता का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। आइए, हम सब मिलकर मां के चरणों में समर्पित होकर समाज सेवा का संकल्प लें। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा व्यापारियों का समुदाय हमेशा धार्मिक परंपराओं का सम्मान करता है। दुर्गा पूजा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक उन्नति का भी माध्यम है। हम ऑनलाइन की वजाय स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देंगे, ताकि यहां रोजगार के अवसर पैदा हों। मां की भक्ति से हर विपदा का नाश होता है। रेखा शर्मा, ममता शाक्य, राधा शाक्य, ज्योति शाक्य ने उत्साह के साथ माल्यार्पण कर प्रिया शाक्य का जोरदार स्वागत किया। उन्हें अखिलेश शर्मा प्रदीप राजकुमार ने मां दुर्गा की सुंदर प्रतिमा भेंट की जो सम्मान का प्रतीक बनी। पंडाल में महिलाओं का समूह पारंपरिक परिधानों में सजा था, और उनका स्वागत माता रानी के नारे लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए इटावा और जलालाबाद से आए कलाकारों ने देवी गीतों पर शानदार नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। जय अम्बे गौरी और रौद्र रूप वाली दुर्गा जैसे भजनों पर उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। पूरा परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में उषा उपाध्याय, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, प्रभाकर गुप्ता एवं प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# रविवार को धूमधाम से निकलेगी श्रीराम बारात



**▸ संजीव झांकियां होंगी आकर्षण का केन्द्र**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामलीला कमेटी द्वारा 28 सितंबर रविवार को श्रीराम बारात के आयोजन की तैयारियां चल रही है। बारात को भव्यता देने के लिए संजीव झांकियों को प्रमुखता दी जा रही है। इसके लिए कमेटी ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नई बस्ती जीटी रोड स्थित एक आवास पर हुई श्री रामलीला कमेटी की बैठक में अध्यक्ष देवकी नंदन मिश्रा ने कहा कि रविवार को भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन हो रहा है। इसमें जीवंत झांकियां को प्रमुखता देते हुए 51 झांकियों को शामिल किया जायेगा। इसके साथ ही दो बैंडबाजों की धुनों पर युवा थिरकने पर मजबूर होंगे। बारात में बाबा महाकाल, लिल्ली घोड़ी, नाग नागिन, इलाहाबाद की झांकी, बरसाने की होली, भोले बाबा के नंदी, काली अखाड़ा आकर्षण को केन्द्र रहेंगे।

इस मौके पर महामंत्री श्यामू चौहान, टीटू अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष सर्वेश चौरसिया, पंकज दुबे, टिंकू दीक्षित, अनुराग अग्निहोत्री, सनी अग्निहोत्री, रिषी शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी साहित्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## 60 वर्ष से लग रहा है बहवलपुर में संतोषी माता का मेला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बहवलपुर में पिछले 60 वर्ष से लगातार संतोषी माता का मेला लगता चला आ रहा है। इसमें दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। मेला कमेटी के अध्यक्ष व प्रबंधक बैकुंठनाथ सक्सेना एडवोकेट ने बताया हर वर्ष चैत्र एवं शारदेय नवरात्रि के दौरान बुधवार, गुरुवार व शुक्रवार को इस मेला का आयोजन अत्यंत प्राचीन संतोषी माता मंदिर के सामने किया जाता है। इस वर्ष यह 120 वां मेंला है। तीनों दिन रात के समय बाहर से आई पार्टियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। दो दशक पहले यहां आयोजित होने वाले ढोला एवं नौटंकी में आसपास के सैकड़ो गांव की भीड़ पूरी रात जमी रहती थी। मेला के आयोजन में मेरे भाइयों त्रिलोकीनाथ सक्सेना, द्वारिकानाथ सक्सेना व विश्वनाथ सक्सेना का पूरा सहयोग रहता है। मेला में आज अंतिम दिन समाजवादी महिला सभा की जिला सचिव रंजन सक्सेना सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने मां संतोषी की पूजा अर्चना की।

# बड़े सौभाग्य से मिलता है मानव जीवन : महात्मा हरिश्चंद्र





**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**संत निरंकारी भवन में सत्संग**

पूर्वी बाईपास पर किडजी प्री स्कूल के पास संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा मानव जीवन हमें बड़े सौभाग्य से मिलता है अतः संतों के सानिध्य में भक्ति भाव से हमें अपने जीवन का सफर तय करना चाहिए।

उन्होंने कहा महापुरुषों व संतों ने भी यही फरमाया है कि इंसान के रूप में हमें सर्वोत्तम जीवन मिला है तो कर्म भी अच्छे करने चाहिए। हमें कटुता व कठोरता को त्याग कर प्यार से जीना चाहिए और हमारे मन में करुणा व दया का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा संसार की भलाई और उद्धार के लिए महापुरुष हमें बताते हैं कि हमें किस रास्ते पर चलना चाहिए। नेकी के रास्ते पर चलकर ही हम समूचे मानव जगत का भला कर सकते हैं। जो लोग प्रभु, परमात्मा, ईश्वर, निराकार का सत्य का आधार लेकर जीवन जिएंगे वही वास्तव में धरती के लिए वरदान साबित होंगे। महात्मा रामप्रताप के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों व भजनों से साध संगत को निहाल किया।

# मेले का शुभारंभ कर प्रिया शाक्य ने बांटे आयुष्मान कार्ड

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने श्यामलाल खंडेलवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनगढ़ पहुंचकर चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री जन आरोग्य मिशन के तहत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। साथ ही, जरूरतमंद मरीजों को पोषण पोटलियां प्रदान कीं। प्रिया शाक्य ने आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा लगाई गई बच्चों की प्राथमिक शिक्षा से संबंधित प्रदर्शनी का जायजा लिया। उन्होंने कार्यवाक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिओम गंगवार से दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के उचित इलाज के बारे में विस्तृत चर्चा की। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रिया शाक्य ने इस मौके पर भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज का यह चिकित्सा मेला केंद्र की मोदी सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से हम हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध करा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए 15 नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर कर रहे हैं।

हमने मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से दूरदराज के गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई हैं, जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान कार्ड न केवल बीमारी से लड़ने का हथियार है, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार भी है। इसके अलावा, पोषण अभियान के तहत हम बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक आहार सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी मजबूत बने। भाजपा सरकार का संकल्प है कि कोई भी जरूरतमंद इलाज के अभाव में न रहे। हमारा लक्ष्य है–सबका साथ, सबका विकास, सबका स्वास्थ्य। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं।

## हवन-पूजन के साथ हुआ डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अस्पताल रोड पर सूरज अल्ट्रासाउंड के सामने न्यू सूरज डिजिटल एक्स–रे ओपीजी एवं रीजेंसी डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ हवन पूजन के साथ धूमधाम से किया गया। नीमसार से पधारे आचार्य सुभाष चंद्र द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर डॉ. मनोज अवस्थी और उनके स्टाफ ने हवन में आहुतियां दीं। डॉ. मनोज अवस्थी ने सेंटर की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि यह डायग्नोस्टिक सेंटर अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जिसमें डिजिटल एक्स–रे, ओपीजी, और अन्य आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उनका लक्ष्य है कि मरीजों को सटीक निदान और समय पर उपचार मिले, जिससे उनका जीवन बेहतर हो सके। डॉ. अवस्थी ने स्थानीय लोगों के सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में और बेहतर सेवाएं देने का वादा किया। कार्यक्रम में ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष टिंकू मिश्रा, सतीशचंद्र चतुर्वेदी, राजीव पाठक, वैभव शुक्ला उर्फ काकू, कमलेश नारायण पांडेय, गुड्डू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा



निरीक्षण करते डीएम- एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आगामी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने चुनाव से संबंधित तैयारियों की गहन समीक्षा की तथा समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से संवेदनशील एवं अति– संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखने, कानून– व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा मतदाताओं को निर्भीक एवं निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारीगण रहे।

## सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**कोंच,जालौन।** बाराबफात के मौके पर मुस्लिम समुदाय द्वारा आई लव मोहम्मद आई लव मोहम्मद बैनर में कानपुर जिले के रावतपुर में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था और यह विवाद कई इलाकों में फैलता हुआ नजर आ रहा है जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी इसके बाद मुस्लिम संगठनों ने इस धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया था। उक्त विवाद के चलते सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए दिन शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने पीएसी जवानों के साथ नगर के मुहल्ला आराजी लेन मालवीय नगर भगत सिंह नगर और आजाद नगर इलाकों में भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया आपको बता दें कि नगर में धार्मिक विवाद कभी नहीं हुआ है और लोग ऐसी किसी घटना से भी दूर रहने की बात कहते हैं लेकिन पुलिस पहले से अपनी तैयारी पूर्ण किये हुए है और मामले को लेकर अलर्ट मोड में है इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# नगर में चोरी व मारपीट की घटना से इलाके में हड़कंप



**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस मामले की जांच में जुटी**

कोच नगर के आजाद नगर मोहल्ले में देर रात चोरी और मारपीट की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार नूरु उद्दीन पुत्र फक्ररुद्दीन निवासी आजाद नगर ने बताया कि घटना करीब रात 3.30 बजे की है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आफ्ताब उद्दीन उर्फसीबू बेलदारी का काम करता है। देर रात करीब 3 बजे उनका बेटा पानी पीने के लिए उठा, तभी दो अज्ञात युवक घर में घुस आए। पीड़ित के अनुसार दोनों युवकों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की और घर में रखे करीब 40 हजार रुपये नगद लेकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से परिवारजन घबरा गए और शोर मचाया। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मारपीट में घायल हुए युवक को परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।परिजनों ने पुलिस से अज्ञात आरोपियों की तलाश कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## बिजली घर में उच्चीकरण कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** खकसीस बिजलीघर के उच्चीकरण का काम शनिवार को होगा। ट्रांसफार्मर बदलने के कारण सुबह 9 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक बिजलीघर से जुड़े फीडर के गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प रहेगी। बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शनिवार 27 सितम्बर 25 को खकसीस बिजलीघर का उच्चीकरण का काम होगा। बिजलीघर में लगे 5 एम वी ए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 10 एम वी ए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। अवर अभियंता रमाकांत वर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने के कारण खकसीस, अमखेड़ा कमसेरा, धंजा, क्योलारी फीडर बंद रहेगे। बिजली घर का उच्चीकरण होने के कारण पांचो फीडर के 26 गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रहेगी। अवर अभियंता ने ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की है।

# कुपोषण निवारण हेतु मोटे अनाजों को भोजन में करें शामिल

**▸ आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों को श्री अन्न का समिश्रण विषय पर दिया प्रशिक्षण**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




प्रशिक्षण में जानकारी देती वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा पोषण माह के अवसर पर आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कुपोषण निवारण हेतु भोजन में श्री अन्न का समिश्रण विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ चन्द्रकला यादव ने बताया कि पोषण माह जागरूकता बढ़ाने, कुपोषण का समाधान लोगों तक पहुंचाने और समाज को प्रेरित करने का एक अवसर है। अच्छा पोषण केवल थाली भर खाना नहीं है बल्कि बच्चों में स्वस्थ्य शारीरिक और मानसिक विकास, सीखने की क्षमता का विकास और भविष्य के अवसरों की नीव रखता है। लेकिन फिर भी भारत में लाखों बच्चे कुपोषण, कम लंबाई , कमज़ोरीऔर सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कमियों को दूर करने के लिए बच्चों के भोजन में मौसमी फल एवं सब्जियों के साथ दालो और मोटे अनाजों जैसे ज्वार, बजार, मडुआ, काकुनी, सावा आदि मोटे अनाजों को भी भोजन में शामिल करना चाहिए क्योंकि कुपोषण से लड़ने में मोटे अनाज की महत्वपूर्ण भूमिका है वे फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम और विटामिन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो शरीर के विकास के लिए आवश्यक हैं. इसके अलावा, ये अनाज पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा बढ़ती है और किसानों को भी लाभ होता है. मोटे अनाज बच्चों की वृद्धि में सुधार करते हैं और एनीमिया, डायबिटीज और हृदय रोगों जैसी बीमारियों से बचाते हैं।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने गृहवाटिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रश्मी शर्मा, मुख्य सेविक सहित 50 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

# बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर गढ़ रहीं सफलता की कहानी : सीडीओ

**▸ मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक**

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में दिन शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह व खंड विकास अधिकारी कोंच प्रशांत कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें समाज में जागरूक आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं से संवाद किया और उनकी शिक्षा, भविष्य तथा आत्मविश्वास से जुड़े सवालों के जवाब दिए उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और मिशन शक्ति का उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है खंड विकास अधिकारी कोंच प्रशांत कुमार ने छात्राओं को बताया कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है जिसके दम पर वे अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा, शिक्षा और जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था ताकि वे आने वाले समय में समाज में आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकें इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय प्रभारी वंदना वर्मा,सचिव अनुज गुप्ता,सूरज भान पटेल, प्रतीक्षा गुप्ता, वंदना प्रजापति, अनिता पाल, बबिता बबेले, ऋतु वर्मा कृपा शंकर राजपूत परिचालक मांडवी देवी मुख्य रसोइया सहित छात्रायें मौजूद रही कार्यक्रम का सफल संचालन इं. राजीव रेजा ने किया।

## पडरी में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित



अतिथियों का स्वागत करती छात्रायें।

कोंच। ब्लाक कोंच के ग्राम पंचायत पड़री के आंगनवाड़ी केंद्र–2 पर मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपनिरीक्षक भारती कांस्टेविल अर्चना कुमकुम व कृष्णा ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और पुलिस हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देते हुए समाज के बढ़चढ़कर हिस्सेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री सीमा रानी सचान सहायिका गंगा देवी समूह अध्यक्ष सुमन अहिरवार प्राथमिक विद्यालय की महिला अध्यापिक संध्या निरंजन आराधना निरंजन श्रष्टि गुप्ता शिक्षा मित्र साधना निरंजन सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# साइकिल सवार ग्रामीण से की 40 हजार की टप्पेबाजी

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**



टप्पेबाजी का शिकार रामचंद्र।

रामपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई टप्पेबाजी की घटना से सनसनी फैल गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम मानपुरा निवासी रामचंद्र (55) पुत्र गोरेलाल इंडियन बैंक शाखा रामपुरा में 49,000 जमा करने आए थे। रामचंद्र ने बताया कि बैंक में मोबाइल नंबर लिंक न होने के कारण राशि जमा नहीं हो सकी और वह सोमवार को पुनः आने की कहकर पैसे लेकर साइकिल से घर लौट रहे थे। रामपुरा थाना परिसर के सामने साइकिल पंचर हो जाने पर वह थाना गेट के सामने मिस्त्री की दुकान पर उसे ठीक करा रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात बाइक सवार वहां पहुंचे और साइकिल के हैंडल पर टंगे झोले से रुपए निकालकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक झोले में 49,000 थे जिनमें से 9,000 ही बच सके, जबकि बदमाश 40,000 लेकर चंपत हो गए। दिनदहाड़े थाना के सामने हुई इस वारदात से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं कुछ लोग इस वारदात पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं। वहीं घटना से संबंधित एक धुंधला फोटो भी सामने आया है जिस पर विश्वास कर पाना कितना सही होगा यह जांच का विषय है। रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने बताया कि टप्पेबाजों को पकड़ने के लिए थाने के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## महिला से युवक ने की अश्लील बातें

**जालौन (उरई)।** जानवर चराने जा रही महिला के साथ गांव के युवक ने अश्लील बातें की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी नीतू पुलिस को ने बताया कि 24 सितम्बर 25 की सुबह 10 बजे वह अपने पुत्र रोहित के साथ जानवरों को चराने जा रही थी। आम रास्ते में पहले से मौजूद गिरेन्द्र कुमार उनके सामने आ गये तथा शर्ट के बटन खोल कर अश्लील बातें करने लगे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में बीते दिन हुई मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। चाचा की फौती तहरीर पर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के 100 मीटर आगे रायपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ पर गांव कलौली महबुल्लापुर निवासी सचिन कुमार पुत्र बंटी अपने साथी जनपद कन्नौज के गांव दौलताबाद निवासी रोहित कुमार पुत्र नेकराम सक्सेना तथा अरुण कुमार पुत्र राजू सक्सेना जो कि गांव कलौली महबुल्लापुर अपनी बुआ के यहां रिश्तेदारी में आए थे और मित्रता होने के नाते सचिन कुमार के साथ कस्बा नवाबगंज बाजार करने आए थे। जहां से वापस जाते समय उनकी बाइक कस्बे के ही एक ओमनी कार से टकरा गई थी। जिससे तीनों युवा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनको थाना पुलिस हल्का के दरोगा गीतम सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं परिजनों ने सचिन कुमार को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया। यहां से गंभीर हालत होने पर शुक्रवार सुबह लखनऊ के लिए परिजन लेकर रवाना हुए थे। जिनकी उपचार के दौरान रास्ते में मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पाकर चाचा अरुण कुमार अन्य परिजनों के साथ थाने आए और थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना के आधार पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र तथा कलौली महबुल्लापुर हल्का के दरोगा हेमंत कुमार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम भेजने की बात बताई। खबर लेकर जाने तक पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना नहीं हुई थी। युवक की मौत पर मां अनीता देवी व भाई विनय का रो-रोकर बुरा हाल है।



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

# मंदिरों में विधि विधान से हुई मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। मंदिरों में भक्तों के आने जाने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा।

शुक्रवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व मंगल की कामना की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों ने भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया। यहां पर भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने विधि विधान से मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। घरों में भी व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना की और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया। कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। मंदिरों में बज रहे घंटा घड़ियालों से एक वारगी माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सुरक्षा की दृष्टिगत सभी मंदिरों पर पुलिस बल मौजूद रहा।



गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

## सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, शिव प्रताप सिंह, कमलेश सिंह, शिवम सिंह, राम राठौर, हेम सिंह लोधी आदि लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ0 गौरव राजपूत ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हम सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई बीमारी नहीं होती है,बल्कि शरीर को जितना खून चाहिए, वह उसकी पूर्ति दो तीन दिन में कर लेता है, लेकिन आपके रक्तदान से किसी की जिंदगी बच सकती है।

# छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नई बस्ती रोड स्थित एचओ अकेडमी के सभागार में विभिन्न पदों के लिए जनतांत्रिक तरीके से चुने गए छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के अध्यक्ष शुभम रस्तोगी एवं पारुल रस्तोगी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा ने कहा कि क्लास नियंत्रण एवं अनुशासन के लिए विधिवत चुने हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासन की जिम्मेदारी देना एक नूतन प्रयोग है। इससे बच्चों में जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी और शैक्षिक वातावरण में सुधार होगा। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि विद्यालय के सुचारू रुप से संचालन के लिए अनुशासन अनिवार्य शर्त है और इसमें बच्चों को शामिल करना सोने में सुगंध का काम करता है। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों को दायित्व बोध कराया। अतिथियों ने चयनित बालक बालिकाओं को बैच लगाए। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चतुर्वेदी और मेहर नाज़, असमी खान ने किया। रेणुका और नितिन को विद्यालय का कैप्टन एवं उप कैप्टन चुना गया। प्रेयर हैड के रूप में आरोही, अनामिका एवं अरीबा को चुना गया। सभी कक्षाओं के मॉनीटर एवं सह मॉनीटर के रूप में अंकित, नव्या, जानवी, अंशिका, अंशुल, अरीबा, भानु, अनामिका, अंश, अर्पित, काव्या, देव, आयत, दानिश, नेहा, दिव्यम, अयान अली, वारिस, आन्या, आराध्या, कृष्ण आदि बच्चों को चुना गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

# दारोगा अच्छे लाल पाल पर गिरी गाज, लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सट्टा कारोबारी द्वारा दरोगा पर 15 हजार रुपए मासिक देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लेकर दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। जिससे अब मामले की आगे की जांच पुलिस कर रही है। बताते चलें कि बीते दिन एक सट्टा कारोबारी का सट्टा पर्ची लिखने का एक वीडियो प्रसारित हुआ था। जिस पर सट्टा कारोबारी आरोप लगा रहा था कि हलका इंचार्ज मोहम्मदाबाद अक्षय लाल पाल को वह 15000 महीने देता है। लिहाजा खुलकर सट्टा लगाओ डरने की कोई बात नहीं। इस मामले को अखबारों में प्रकाशित किया गया था। मामले का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दारोगा अच्छे लाल पाल को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविकता का पता चल सकेगा।



**लाइनहाजिर दरोगा अच्छे लाल पाल**

# मिशन शक्ति फेस-5 योजना: छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति फेस-5 योजना के तहत थाना पुलिस ने कस्बे के विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। ानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के जेएस इंटर कॉलेज कस्बा नवाबगंज में सरकार द्वारा चलाई जा रही है फेस-5 योजना के तहत थाना पुलिस ने विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सरकार की योजना सशक्त नारी समृद्धि प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नई स्वालंबन के पांचवें चरण के कार्यक्रम में थाना पुलिस ने कस्बे के जय शंकर कॉलेज पहुंचकर सरकार की योजना 1930 साइबर हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 10 क्षेत्र मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से हिंदी पखवाड़ा के तहत उच्च स्थान पाने वाले बच्चों को थाना पुलिस तथा विद्यालय परिवार की ओर से शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना पुलिस हल्का के कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र, कांस्टेबिल अरविंद कुमार, महिला कांस्टेबिल शालिनी, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू, वरिष्ठ लिपिक मेघनाथ सिंह, परमनाथ सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



मिशन शक्ति-5 फेस का फोल्डर दिखातीं छात्रायें व मौजूद पुलिस

## खबरें एक नजर में

### सब्जी के भगौने में गिरकर बच्ची झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर निवासी आराध्या चौहान उम्र 8 वर्षीय पुत्री गोपाल सिंह चौहान खेल-खेल मे खाने की सब्जी में जा गिरी। चीखने चिल्लाने पर उसकी माँ लक्ष्मी ने झुलसी अवस्था में बच्ची आराध्या को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान माँ लक्ष्मी ने बताया कि मेरे चचिया ससुर बबलू की आज तेरहवीं थीं। उसका खाना कढ़ाई में बनाकर भगोने में सब्जी कर दी थी। आराध्या अचानक खेलती-खेलती गर्म भगौने की सब्जी में जा गिरी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई।

### मां की डांट से क्षुब्ध पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराबिकू निवासी दीपक कुमार शाक्य उम्र 18 वर्षीय पुत्र सरवन कुमार शाक्य को उसकी मां मन्जू देवी ने पैसे चुराने पर डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर वह कमरे में जाकर फांसी के फन्दे पर लटक गया। चीख सुनकर परिजन दौड़े और दीपक को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मिशन 2047 के संदर्भ में मुख्यमंत्री प्रधानों से करेंगे वर्चुअल संवाद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार की समृद्ध भारत योजना 2047 के बारे में जन मानसक को जागरुक करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम प्रधानों से वर्चुअल संवाद करेंगे। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि सरकार की समृद्ध भारत योजना 2047 के बारे में जन मानस को जागरुक करने के लिए मुख्यमंत्री प्रधानों से वर्चुअल संवाद करेंगे। जिससे प्रधान इस योजना के बारे में जान सकें और वह ग्रामीणों को अच्छे तरीके से बता सकें। बताते चलें कि इस योजना का उद्देश्य 2047 तक भारत को पूरी तरह से आत्मनिर्भर व विकसित बना है। इसलिए इसका प्रसार प्रसार करने के लिए प्रधानों की मदद ली जायेगी।

### गैंगेस्टर के मामले में दो अभियुक्तों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामऔतार पुत्र धारा सिंह निवासी ग्राम ब्राहिमपुर, राकेश पुत्र उजागर निवासी हीरानखुदा थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए पर 30 सितंबर की तिथि नियत है। बीते 23 वर्ष पूर्व थाना मेरापुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष मुकेश कुमार त्यागी ने रामऔतार, राकेश के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उपरोक्त अपराधी समाज में भय व्याप्त कर आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त करते हैं। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामऔतार, राकेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

### दो आरोपियों को दो वर्ष छः माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने ऋषिपाल पुत्र अतिराज, शिवसरन पुत्र हरीराम निवासीगण खजूरी कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दो वर्ष छः माह का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते 21 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के तत्कालीन प्रभारी एस0एन0 मिश्र ने ऋषिपाल, शिवशरण, संजय, राजीव के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उपरोक्त अपराधी समाज में भय व्याप्त कर आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त करते हैं। संजय, राजीव की पत्रावली पृथक कर दी गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने ऋषिपाल, शिवसरन को दो वर्ष छः का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा अधेड़ गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद बरेली निवासी ईश्वर प्रसाद उम्र 50 वर्षीय पुत्र बालकराम सुबह कायमगंज रेलवे स्टेशन से उतरकर नहर के पास डा0 नवल किशोर के हॉस्पीटल से दवा लेने आया था। दवा लेकर वापस लौटते समय रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा था, तभी अचानक वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से 108 एम्बुलेन्स के ई0 एमटी सौरभ यादव, पायलट मोहम्मद साबिर अली ने घायल ईश्वर प्रसाद को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य बाजार मार्ग पर स्थित शिव मंदिर पर दुर्गा महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है। गुरुवार शाम जब मंदिर परिसर में माता रानी की आरती का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान नवाबगंज नगर का ही एक युवक जो अपने आपको कथावाचक बताता है उसके द्वारा संतोषी माता और अन्य देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करना शुरू दिया गया। अभद्र टिप्पणी करने पर मौजूद लोगों से उसकी नोंकझोंक होने लगी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दुर्गा महोत्सव के दौरान युवक द्वारा की गई देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी से नगर के लोगों में गुस्सा देखने को मिला। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। हालांकि समृद्धि न्यूज अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि युवक देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर रहा था। समाचार लिखे जाने तक युवक पुलिस हिरासत में था। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह के अनुसार युवक से पूछताछ जारी है।

# विधायक ने किया जन आरोग्य केंद्र मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के मेन चौराहे पर सरकारी योजना के तहत खोले गए जन आरोग्य केंद्र मेडिकल स्टोर का क्षेत्रीय विधायक तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित मेन चौराहे पर भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश के प्रतिष्ठान पर सरकार की योजनाओं के तहत चलाई जा रहे जन आरोग्य केंद्र मेडिकल स्टोर का क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिससे आम जन में खुशी का माहौल दौड़ गया। जिसमें प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई गई योजना के तहत जन आरोग्य केंद्र पर डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाई पर 50 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। यह जानकारी योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश ने दी। उन्होंने बताया की अन्य मेडिकल स्टोर पर जो दवा 100 की मिलती है वह दवा जन आरोग्य केंद्र मेडिकल स्टोर पर 50 रुपये की मिलेगी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, रवि शंकर चौहान, विजय प्रताप सिंह, जय प्रताप सिंह, अमित प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह, डॉ विनय सक्सेना, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, शिवमंगल सिंह गौर, आकाश गौर सहित तमाम आम जनमानस मौके पर मौजूद रहे।



विधायक को सम्मानित करते योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश व मौजूद वीरेंद्र सिंह राठौड़

# संचारी रोग को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ होने जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद कायमगंज सभागार मे अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार व डॉ. लव कुमार मिश्र अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण व रोकथाम हेतु संवेदीकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संचारी रोग जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, मस्तिष्क ज्वर आदि की रोकथाम व उपचार के संबंध में व उपायों पर विशेष ध्यान देने के लिए बताया गया। इस दौरान डॉ0 लव कुमार मिश्र अधिशासी अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ0 जितेंद्र बहादुर, यूनिसेफ से अधिकारी, नगर पालिका परिषद कायमगंज से अनिल कुमार आजाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, समस्त सफाई नायक व एसबीएम टीम उपस्थिति रही।



बैठक लेते अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार व ईओ लव कुमार व चिकित्सक

## दुर्गा समिति ने व्यापारी नेताओं का किया सम्मान



व्यापारी नेताओं का सम्मान करते दुर्गा समिति के पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** फूलमती मंदिर में चल रहे दुर्गा महोत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त सुबह शाम पहुंचकर माथा टेंककर मां से सुख समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। दुर्गा समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष मुनीष मिश्रा, गौरव अग्रवाल, भानु श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव व समिति के सदस्यों द्वारा उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष मंसाराम गुप्ता, जिला महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, जिला किराना कमेटी अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, किराना कमेटी महामंत्री श्यामू गुप्ता, संयुक्त महामंत्री अवनीश कौशल का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया एवं लकी ड्रा कार्यक्रम किया गया। जिसमें 55 नंबर, 21 नंबर, 11 नंबर के भक्तों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आरती के उपरांत सभी को प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके मौके पर मनोज गुप्ता, मनीष मिश्रा, जीतू श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल, सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम, कमलेश भारद्वाज, जितेंद्र रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# शकुन्तला देवी बालिका इंटर कालेज में मिशन-5 के तहत हुई जागरुकता गोष्ठी

**कायमगंज, समद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में मिशन शक्ति-5 के अन्तर्गत एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी मोहम्मद कामिल, मण्डी चैकी प्रभारी अवधेश कुमार, महिला चौकी प्रभारी सुधा सिंह रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना था। जिसमें क्राइम ब्रांच अधिकारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि वर्तमान में साइबर क्राइम बहुत बढ़ गया है जिससे हमें कैसे बचना है, किस प्रकार के लिंकों को ओपन नहीं करना है आदि के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने बच्चों को सभी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी और कहा कि आप किसी भी समस्या में हैं तो किन नम्बरों का उपयोग करके पुलिस की हेल्प ले सकती हैं। उन्होंने 112 नम्बर के बारे में बताया कि इस नम्बर से आप फायर ब्रिगेड, एम्बूलेन्स या आपसी झगड़ा आदि की जानकारी दे सकते हैं। उस समस्या को जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास किया जाता है। उसी प्रकार घरेलू हिंसा पर 181 नम्बर पर कॉल कर सकते हैं। महिला आरक्षी रेनू ने भी 1098, 1090, 1930 आदि नम्बरों की विस्तार से जानकारी दी। सहासी बालिका की अध्यक्ष खुशबू मिश्रा ने कहा कि 22 सितम्बर से नवदुर्गा शुरू हुए। उसी दिन से मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति-5 का शुभारम्भ किया। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने कहा सभी छात्राओं को अपने सपने पूरे करने के लिए सबसे पहले अपनी हेल्थ पर बहुत ध्यान देना है कि किसी भी मानसिक परेशानी में नहीं आना है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारियों द्वारा जो भी नम्बर बताये गये हैं उनका उपयोग करके आप सभी समस्याओं से मुक्ति पा सकते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का अभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन सुरभि श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।



गोष्ठी के दौरान जागरुकता फोल्डर दिखाते छात्र-छात्राएं व पुलिसकर्मी

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों के योगदान को किया गया याद

- चिकित्सा जगत की रीढ़ की हड्डी हैं फार्मासिस्ट
- दवाओं को खोजने एवं निर्माण में उनकी महती भूमिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व फार्मेसिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में लोहिया अस्पताल आवास विकास में आयोजित कार्यक्रम में फार्मासिस्टों का चिकित्सा जगत में योगदान को रेखांकित किया गया तथा दवा निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। समारोह में जिला औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों के योगदान एवं कर्तव्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट हॉस्पिटल में मरीजों को दवा वितरण एवं उनकी देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। फार्मासिस्टों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की रीढ़ की हड्डी बताते हुए ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने कहा कि फार्मासिस्टों के बिना चिकित्सा का कार्य अधूरा है। कार्यक्रम को डॉ. मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. जगमोहन शर्मा, साईं मीर फार्मेसी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अर्पित कटियार एवं डॉ. प्रभात वर्मा ने भी संबोधित करते हुए विश्व फार्मेसिस्ट दिवस की सभी फार्मासिस्टों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्यकी कामना की। उन्होंने कहा कि औषधियों को खोजने एवं उनका निर्माण करने में फार्मासिस्टों की महती भूमिका होती है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद फार्मासिस्ट

# एनडीआरएफ टीम ने आपदाओं से निपटने के छात्रों को सिखाये गुर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

आरपी इण्टर कालेज कमालगंज में 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) गाजियाबाद से आये हुए एएसआईजीडी धर्मवीर यादव एवं उनकी टीम द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को आपदा के विषय में अवगत कराया कि आपदा दो प्रकार की होती है, प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प, बाढ़, बादल फटना, भूस्खलन, चक्रवात, बज्रपात आदि। मानव निर्मित आपदा जैसे रेल दुर्घटना, हवाई जहाज दुर्घटना, पुल टूटना, विस्फोट होना आदि इन परिस्थितियों में बचाव के साथ घायल /चोटिल व्यक्तियों के प्राथमिक उपचार के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की जैसे कि रक्त के बहाव को रोकना, हर्ट आने पर किस प्रकार सीपीआर देना, स्ट्रेचर बनाक मरीज को ले जाना आदि की मॉक ड्रिल करके समझाया। पानी में डूबने से बचाव के लिए खाली प्लास्टिक की बोतलों तथा नारियल द्वारा सेफ्टी जैकेट बनाना। खाली पतीली/भगौनों द्वारा डूबने से बचाव के लिए प्रयोग में लाना, सीढ़ी बनाना तथा बाँस के टुकड़ों को इकट्ठा करके दोनो सिरों को बाँध कर उसकी सहायता से पानी में डूबने से बचाव करना। छोटे बच्चे द्वारा कोई वस्तु मुँह में रखने, गले में फंसने पर उसे उल्टा करके थपथपाकर निकालना आदि के विषय में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में प्रधानाचार्य कैप्टन बलबिन्दर सिंह ने टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।



स्ट्रेचर से मरीज को ले जाने का प्रदर्शन करते एनसीसी के छात्र

# मिशन शक्ति के तहत बाइक/साइकिल रैली निकालकर किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट) मिशन शक्ति की थीम, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व से 90 दिवसीय मिशन शक्ति के विशेष अभियान के पांचवे चरण शुरू किये जाने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित तिथियों पर सुव्यवस्थित/सुचारू रूप से कार्यक्रम सम्पादित करने के निर्देश दिये गये हैं।

महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर मिशन शक्ति के दूसरे दिवस पर साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट) के अंतर्गत ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ से बालक एवं बालिकाओं द्वारा निकाली गई साइकिलिंग रैली को

### डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद स्तर पर संचालित हब फॉर इम्पॉवरमेन्ट ऑफ़ वूमेन की टीम, चाइल्ड लाइन आदि के कार्मिकों द्वारा साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट), बाइक/साइकिल रैली में प्रतिभाग कर विभाग की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं समस्त कल्याणकारी योजनाएं आदि की जानकारी देते हुए बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करना तथा सरकार



साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाते डीएम

द्वारा चलाए गए समस्त टोल फ्री नंबर, विभागीय पंपलेट वितरण कर जनमानस को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों सम्बन्धी राज्य/जनपद स्तरीय संकेतकों तथा जनसंख्या अनुपात, जन्मभ्रूण दर, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉप आउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव, बच्चों के प्रति हिंसा आदि विषयों को साथ ही साक्षरता दर तथा विभागीय योजनाओं को समाज के सामने रखते हुए उनके सुधार हेतु जागरूक करना है। इस अवसर पर सीओ सिटी ऐश्वर्या, जिला क्रीडा अधिकारी कर्मवीर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा, जीजीआईसी प्रधानाध्यापिका एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन की टीम/समस्त स्टाफ जिला प्रोबेशन कार्यालय व विद्यालय से छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# मेहंदी में तलवार खण्ड काव्य का 28 सितम्बर को होगा लोकार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के शौर्य पराक्रम की गाथा पर रचित खंडकाव्य, मेंहदी में तलवार का भव्य लोकार्पण समारोह 28 सितंबर रविवार को 11 बजे नवभारत सभा भवन में होने जा रहा है। इस संबंध में खंडकाव्य के रचयिता हेमन्त सिंह राजपूत ने बताया कि महादेवी वर्मा की जन्मस्थली जनपद एक बार पुनः अपनी साहित्यिक उपलब्धि का एक नया आयाम गढ़ने जा रहा है।

आयोजन में जनपद के अलावा देश के बहुत से जाने माने साहित्यकारों, समाजसेवी, अधिकारी वर्ग, राजनेता व साहित्य प्रेमी लोग उपस्थित रहेंगे।


जानकारी देते हेमंत सिंह

जिनमें प्रमुख रूप से ज्वाइंट कमिश्नर भारत सरकार अमरपाल सिंह लोधी, वर्ल्ड रिकॉर्ड सुषमा वर्मा, एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, विधूना विधायक रेखा वर्मा, रायबरेली हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, साहित्यकार व वैज्ञानिक बीके लोधी, महापौर शाहजहांपुर अर्चना वर्मा, अभिनेता राकेश राजपूत, साहित्यकार पवन प्रशांत, संतोष संगम, विनोद सांवरिया, अमरपाल, रुद्रल यादव, शाहआलम राणा, रामशंकर लोधी आदि साहित्यकार, राजनैतिक, सामाजिक लोग आयेंगे। वार्ता के दौरान परशुराम वर्मा, अरविन्द राजपूत मौजूद रहे।

# कनोडिया इं.का. में छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें, विद्यालय स्टाफ व पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कोतवाली थाना के एसओ राजीव पांडे, एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओ को कई जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय आने या जाने या किसी घटना के होने पर निःसंकोच पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मिशन शक्ति प्रभारी पूनम शुक्ला ने संचालन करते हुए छात्राओं को सभी हेल्पलाइन नंबर के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

साइबर सुरक्षा के अंतर्गत यदि कोई साइबर क्राइम हो जाता है तो तत्काल 1930 पर ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं। यह सभी हेल्पलाइन नंबर की सुविधा निःशुल्क होती है और तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान का प्रयास करती हैं। दिव्यांशी मिश्रा और सृष्टि कुशवाहा ने हेल्पलाइन नंबर्स के कार्ड बनाकर दीवार पर चस्पा किया।

जिससे सभी लाभांवित हो सके। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं व छात्राओं ने उत्साह से प्रतिभाग किया।


शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक

# सेवा धर्म समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सेवा धर्म समिति द्वारा ग्राम अचानकपुर ब्लाक शमशाबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में डॉ. राजेश बाबू दुबे, डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. कल्पना, एएनम चारु शाक्य, मनोज कुमार, आकांक्षा कटियार, आरती ने बाढ़ प्रभावित गांव में 435 मरीज का चेकअप कर दवाई वितरण की। समिति के पदाधिकारी ने डॉक्टरों को गंगा मैया का स्मृति चिन्ह एवं समिति का सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अविनाश सारस्वत, शैलजा सारस्वत, अमन शुक्ला, अनिल अवस्थी, अंशुल अवस्थी, राजीव चतुर्वेदी, दीपक, अंकित, शुवम मिश्रा, अविजीत मिश्रा, लकी कश्यप, योगेश कुमार, अनुज आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत नारी सम्मान, स्वावलंबन की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इंटर कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन पर पुलिस लाइन फतेहगढ़ महिला थाना एसओ रक्षा सिंह व कांस्टेबिल करीना ने विद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। कक्षा 12 की मुस्कान सिंह ने नारी सशक्तिकरण पर कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा 10 की छात्रा आद्रा व छाया एवं निशा ने नारी शक्ति पर भाषण प्रस्तुत किये। छात्राओं ने ओ री चिरइया गाने पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया।

कक्षा 10 की छात्राओं ने मिशन शक्ति पर सुंदर पोस्टर बनाये। एसओ रक्षा सिंह ने समस्त छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर के बारे में जानकारी दी और पम्पलेट भी बांटे। प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने मिशन शक्ति के


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें आदि

बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक व्यापक एवं दूरदर्शी पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जागरुक करना है। सहायक अध्यापिका भावना लाल ने वूमेन हेल्प लाइन नम्बर 1090 के बारे में बताया कि रास्ते में या कहीं पर आप लोगों को कोई छेड़े या किसी प्रकार से परेशान करें, इस नम्बर पर कॉल करें और उसकी जानकारी गुप्त रखी जायेगी। प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षिका वीना एडवर्ल्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, भावना लाल, ममता पौसिया पौल आदि मौजूद रही।

# डांडिया व गरबा नाइट कार्यक्रम पर हिन्दू संगठनों ने की रोक लगाने की मांग


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर मांग की कि जनपद में नवरात्रि पर्व के अन्तर्गत अध्यात्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे है। जिला प्रशासन सहयोग कर रहा है। जानकारी प्राप्त हुई कि नवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम के बहाने कई व्यवसायिक कार्य हो रहे है। जिसका उद्देश्य मात्र धन उपार्जन करना है। डांडिया, गरबा मुख्य रुप से है। कार्यक्रम में केवल स्वलाभ के लिए आस्था के साथ खिलवाड़ करने के उद्देश्य से आयोजन होते है। तमाम मातायें, बहने, एकत्र होती है। कई वर्षो से विवाद की स्थिति में कार्यक्रम हुए है। कार्यक्रम में प्रवेश को लेकर अनिमिततायें पायी जा रही है। धन लेकर प्रवेश पास जारी करना एवं विर्धमियों को भी प्रवेश पास उपलब्ध कराना, आस्था के नाम पर धर्म पर चोंट करना, फिल्मी गाने बजाकर वातावरण को विर्धम की ओर अग्रसर करना होता है। ऐसे में अध्यात्म के प्रसार के लिए सामूहिक पूजा अर्चना, भण्डारा, जागरण, कन्या भोज होना तो संभव है, पौराणिक शहर की परम्परा भी है। डांडिया नाइट, गरबा नाइट जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य मात्र शहर की परम्परा परिवेश के लिए हानिकारक है। जिससे सनातन धर्म के लिए आक्रोश व्याप्त है।

डांडिया नाइट और गरबा नाइट पर पूर्णता रोक लगाकर आयोजन रोका जाये। जिससे आस्था का खिलवाड़ न हो और प्रशासन अपना ऐसे लोगों पर शिकंजा कसे। इस मौके पर कोमल पाण्डेय, कौशल गुप्ता, सनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, गौतम कुमार, अनूप सक्सेना, साहिल मिश्रा, मोनू, सिद्धार्थ वर्मा, सत्यम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली कूंच करेंगे शिक्षक


बैठक को सम्बोधित करते ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

### विरोध प्रदर्शन 25 नवम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रस्तोगी इंटर कालेज में प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 नवम्बर को बड़ी संख्या में कर्मचारी व शिक्षक दिल्ली जायेंगे और इस आंदोलन की सफलता के लिए अटेवा के पदाधिकारी अपने निजी वाहन, ट्रेन से दिल्ली पहुंचेगें। जिसके लिए स्कूल, कॉलेज व कार्यालयों पर पहुंचकर जन सम्पर्क किया जायेगा। ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। एनपीएस एवं यूपीएस शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा में सरकारों का बड़ा षड्यंत्र है। एनपीएस, यूपीएस एवं निजीकरण केवल पूंजीपतियों को लाभ देने की स्कीम है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी महासंघ, टेक्नीशियन एक्स-रे एसोसिएशन आदि संगठनों ने भी पुरानी पेंशन बहाली के लिए मांग करते हुए कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। सभी ने स्वर में 25 नवम्बर को दिल्ली कूंच करने के लिए रणनीति बनायी। इस मौके पर राकेश प्रसाद, विजेन्द्र मथुरिया, डॉ. अनुराग मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, महाराज सिंह, राजेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## रस्तोगी इंटर कालेज में 160 छात्रों को वितरित की गई छात्रवृत्ति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र छात्रों को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्रवृत्ति बांटी गयी। कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने कक्षा 9 व 10 के 72 छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की। वहीं कक्षा 11 व 12 के 88 छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। 160 छात्रों को छात्रवृत्ति से लाभांवित किया गया। शासनादेश के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण भी कई विद्यालयों में दिखाया गया।

## डीएन कॉलेज में एचआईवी एड्स की दी गई जानकारियां


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एचआईवी एड्स कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो. अमीन के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से आयी एचआईवी सलाहाकार प्रिती एवं कुलजीत सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं इसके संक्रमण एवं बचाव के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया की असुरक्षित यौन सम्बन्ध एवं दूषित खून चढ़ाने से एचआईवी की सम्भावना सबसे अधिक रहती है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 सतेन्द्र कुमार ने भी एचआईवी से सम्बन्धित अपने विचार छात्र-छात्राओं के समक्ष रखे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने की। एचआईवी जागरूकता से सम्बन्धित सभी को शपथ दिलायी गयी। संचालन कर रहे वाणिज्य विभाग प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने एनईपी के वोकेशनल कोर्स के बारे में बी0ए0 व बी0कॉम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. राम नरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की बनी रुपरेखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को लकूला मसेनी मार्ग स्थित रेडिएंट हॉस्पिटल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संदर्भ में भाजपा की संगठनात्मक जिला कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य वक्ता कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष व जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने पूरे अभियान की रूपरेखा रखी।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से आवाहन किया है। उन्होंने भारत में बना रहे स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए अपील की है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संगठन स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न


कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि

कार्यक्रम आयोजित होंगे। आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक तक स्वदेशी उत्पादों के प्रचार का कार्य किया जाएगा। 28 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य सभी मंडलों में कार्यशाला आयोजित होगी।

7 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के मध्य पत्रकार वार्ता के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधि आत्मनिर्भर भारत अभियान की विस्तृत जानकारी देंगे 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के मध्य युवा मोर्चा द्वारा युवा सम्मेलन एवं महिला मोर्चा द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित होगा। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा आत्मनिर्भर भारत एक अभियान ही नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक नागरिक स्वदेशी अपनाओ का संकल्प दिलाना होगा। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा संगठन द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है, पूरे अभियान को सफलता देने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार पदाधिकारी इस अभियान से जुड़ेगा। संचालन अवनीश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, वीरेंद्र कठेरिया, अमरदीप दीक्षित, जितेंद्र सिंह, अभिषेक बाजपेई, गोपाल राठौर, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, किसान मोर्चा के जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, संतोष राजपूत, अभिषेक बाथम, अतुल दीक्षित, राजकुमार वर्मा, विकास पांडे, सर्वेश कुशवाहा, कृष्ण मुरारी राजपूत, ममता सक्सेना, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद विजेता एवं शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में शिक्षा निदेशक द्वारा प्रेषित कार्यक्रम के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विज्ञान गणित परिषद द्वारा कौन बनेगा नन्हा कलाम के आयोजन में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि डा0 अनिल कुमार मिश्रा रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य संदीप कुमार चतुर्वेदी ने अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का गहना से अवलोकन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये चार्ट मॉडल आदि की प्रशंसा की गई। डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी की प्रेरणा से विज्ञान गणित परिषद की टीम द्वारा आयोजित प्रदर्शनी की सराहना हुई। छात्र अनमोल प्रथम, अनमोल शाक्य द्वितीय, शिवानी राठौर तृतीय रही। हिना व खुशबू बाथम को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा व विद्यालय के चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संतोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, विवेक कुमार मिश्रा, अवनीश कुमार, यशपाल यादव, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# एपीएस स्कूल में एचपीवी टीकाकरण व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिलिट्री हॉस्पिटल फतेहगढ़ ने आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में छात्रों के लिए एचपीवी टीकाकरण और स्वस्थ जीवन शैली पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान आयोजित किया। यह पूरी पहल स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत पूरी की गई, जो समुदाय की महिला सदस्यों के समग्र कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अभियान का प्राथमिक ध्यान 9 से 14 वर्ष की 50 छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन देना था। भविष्य के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से किए गए इस महत्वपूर्ण निवारक उपाय को एमएच फतेहगढ़ की एक समर्पित मेडिकल टीम द्वारा सुचारू और कुशलता से क्रियान्वित किया गया। टीकाकरण में कैप्टन प्रियंका (नर्सिंग ऑफिसर), सूबेदार राजीव, नायक अंबुज, वार्ड सहायिका अंजू ने भूमिका निभाई। टीकाकरण के बाद स्कूल के 200 से अधिक छात्रों ने मेजर गरिमा त्रिपाठी द्वारा दिए गए एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान में भाग लिया। मेजर त्रिपाठी ने इस सत्र का उपयोग संतुलित पोषण और उचित जलयोजन जैसे विषयों को शामिल करते हुए, स्वस्थ खान-पान की आदतों के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देने के लिए किया। यह पहल निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में एमएच फतेहगढ़ और एपीएस फतेहगढ़ के बीच सक्रिय सहयोग को दर्शाती है। 50 छात्राओं का टीका एवं 200 छात्राओं का व्याख्यान हुआ।

# घुमना चौराहे का नाम बदलकर सुभाष चन्द्र बोस रखे जाने की मांग


पूर्व एमएलसी को ज्ञापन सौंपते मानवाधिकार के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष आदेश दीक्षित व प्रदेश महासचिव नारायन दत्त द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने समस्याओ को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सम्बोधित ज्ञापन उनके निवास पर पहुंचकर पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि घुमना स्थित सुभाष गेट वर्षो से पुराना प्राचीन गेट है। सुभाष चन्द्र बोस का नाम काले अक्षरों में लिखा है वह बहुत गलत है। वह एक क्रांतिकारी थे, उनका योगदान, देश के लिए एक भक्त के रुप में था। काले अक्षर से उनका नाम लिखने से हम भक्तों की भावनायें आहत हुई है। गलत संदेश जा रहा है, नेता जी का नाम सुनहरे अक्षरों में खिवाया जाये, और घुमना चौराहा का नाम सुभाष चन्द्र बोस रखा जाये। घुमना स्थित गेट का सौंदरीकरण हो। बताते चले कि 25 वर्ष पूर्व नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख विनोद श्रीवास्तव द्वारा घुमना गेट की साफ-सफाई कराकर महान क्रांतिकारी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का नाम गेट पर अंकित कराया गया था। इसी तरह फतेहगढ़ मिलेट्री चौराहे को भी सुभाष चन्द्र बोस चौराहा घोषित कराया था। वहीं शिवाजी नगर दरिबा पूर्व में कोई भी सफाई कर्मी नहीं जाता है। मोहल्ले में गंदगी फैली है वहां स्वच्छता की स्ववस्था की जाये। साथ ही दरिबा की पुलिया टूटी है, जिससे काई बड़ी घटना हो सकती है। उसे सही किया जाये। इस मौके पर सुनील तिवारी, गायत्री मिश्रा, सुनीता अग्निहोत्री, रेखा मिश्रा, राजू रस्तोगी, अर्चना वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## अनन्या माथुर ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक


प्रतियोगिता के दौरान विजयी आनन्या माथुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 25 सितंबर से 26 सितंबर तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न कराई विद्यालयी राज्य स्तरीय बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जनपद की अनन्या माथुर कानपुर मंडल टीम से प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम में अपना स्थान पक्का किया। राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर में कर्नाटक में किया जाएगा। अनन्या की उपलब्धि पर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं क्रीडा प्रभारी अतुल दास ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# कौड़िया वाली माता के मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

सोनौली राजमार्ग पर स्थित जंगल कौड़िया ब्लॉक मुख्यालय पर अस्थित महामाया जगदम्बिका का शक्ति पीठ आदि शक्ति महामाया कर्म दुर्गा मंदिर, के नाम से जाना जाता है।जंगल कौड़िया (बिशुनपुर), माता का ऐसा मंदिर है जहाँ श्रद्धापूर्वक आने वाला कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता।

यह केवल मान्यता ही नहीं, बल्कि यहाँ मन्नत माँगने वालों की लाखों भक्तों की झोलियों भी भर चुकी है। मां के दिए आशीर्वाद का क्षेत्र के तमाम भक्त प्रमाण है। श्रद्धालुओं ने बताया कि मनोकामना पूरी होने के बाद भक्त मंदिर आते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार नारियल, चुनरी, गुड़हल का फूल और अन्य प्रसाद चढ़ाते हैं। यहाँ श्रद्धालु कथा, मुंडन और भंडारे जैसे आयोजनों को भी करते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है। वैसे प्रत्येक सोमवार को भी दर्शनार्थियों का जनसैलाब उमड़ा रहता है।नवरात्रि में माँ के दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ रहा है और भारी भीड़ देखने को मिल रही है।



**सच्चे दिल से जो भी भक्त श्रद्धा विश्वास के साथ आता है उसकी हर मनोकामना पूरी करती हैं कौड़ियां वाली मां**

माँ के दरबार में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त आते हैं दर्शन वन्दन कर अपनी हर मनोकामनाएँ पूरी करते हैं। मंदिर के पुजारी के अनुसार, अब तक माँ के दरबार से लाखों भक्तों का कल्याण हो चुका है।

### मंदिर के बाहर लगता है विशाल मेला

मंदिर के बाहर लगने वाला मेला महिलाओं के लिए खास होता मेले में बच्चों समेत महिलाओं के लिए अनाकानेक वस्तुएं बिकती है। दर्शन करने के पश्चात लोग मेले का आनन्द उठाते हैं। फिर भी कपड़े, से लेकर कृत्रिम ज्वेलरी सहित श्रृंगार की अनेक दुकानें सजाई जाती हैं।

### मंदिर का इतिहास

मंदिर के पुजारी महंत दुर्गेश मौर्य ने बताया कि मंदिर की स्थापना उनके पिता स्वर्गीय रामलाल मौर्य ने 1985 में जमीन पर एक छोटी पीठ बनाकर की थी। इसके बाद से ही यहाँ पूजा-पाठ शुरू हुआ और मूर्ति की स्थापना की गई। श्रेत्रवासी धीरे-धीरे यहाँ पूजा-अर्चना करने लगे। फिर जो लोग यहाँ आए, उनकी मनोकामनाएँ पूरी होने लगीं, जिसके बाद भीड़ धीरे-धीरे बढ़ने लगी।

### बड़ी शीतला माता का भव्य श्रृंगार देख भक्त हुए निहाल

**चुनार (मिर्जापुर)।** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त मां कुष्मांडा स्वरूप में बड़ी शीतला माता का दर्शन कर धन्य हुए। मंदिर व आस पास कि गलियों में भक्तों कि भारी भीड़ जमा हो गया और भक्त कतार में खड़े हो कर मां के दर्शन को ललाइत रहे। सुबह चार बजे भोर में ही मां के मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट भक्तों को दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया। गंगा में नहाने के बाद महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कढ़ाई चढ़ा कर पुड़ी, हलुआ, गुलगुला आदि पकवान बनाकर नारियल, चुनरी, लाचीदाना आदि प्रसाद से भोग लगाई और मंदिर पर बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। दूर दराज से आए भक्तों ने मां के गर्भगृह में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। भक्तों द्वारा लगाए जा रहे मां के जयकारे से वातावरण देवीमय हो रहा था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहा। मंदिर गर्भगृह में मौजूद पुजारी द्वारा भक्तों को दर्शन पूजन कराया जा रहा था। श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में कोई समस्या न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था में एसपी, एएसपी ओपी सिंह, कोतवाल विजय शंकर सिंह, मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज कुमार संतोष ने पुलिस पीएसी बल के साथ मंदिर और मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।



### गड़बड़ा शीतला धाम में भक्तों ने लगाई हाजिरी

हलिया (मिर्ज़ापुर)। क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में नवरात्रि के पांचवे दिन शुक्रवार को माँ शीतला के दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। भक्तों ने शीश नवाकर माँ को माला फूल नारियल चुनरी हलुआ और पूड़ी भेट चढ़ाया विभिन्न फूलों से माँ की दरबार सजी रही। मान्यता के अनुसार कुछ भक्त लेट कर माँ के दरबार में पहुँचे सेवटी नदी में स्नान के बाद माँ के पूजन के लिए पुरुष व महिलाए अलग अलग कतारों में खडे होकर मंदिर का कपाट खुलते हीं भक्त हाँथ में नारियल चुनरी फूल माला लिए कतार में माँ की एक झलक पाने के लिए आतुर रहे। मंदिर परिसर में मेला प्रभारी एसआई श्याम लाल व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे लगे रहे। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्र ने बताया की नवरात्रि के पांचवे दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन किया है।

## डीएसपी संग पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन वर्मा के निर्देश पर सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने नवरात्र व दशहरा त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु सुरक्षा की दृष्टिगत हलिया बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल रूट मार्च किया। सीओ लाल द्वारा हलिया बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से हलिया बाजार ब्लॉक रोड मस्जिद, हथेड़ा, भटवारी बाजार आदि रूट मार्च के दौरान कस्बा वासियों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। डीएसपी ने लोगों से अपील किया है कि त्योहार परंपरागत तरीके से ही मनाए। पंडाल में समिति के सदस्य जिम्मेदार व्यक्तियों को बनाया जाए। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। परंपरागत विसर्जन मार्ग द्वारा ही मूर्तियों को विसर्जन के लिए ले जाए तथा किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न करें। किसी भी समस्या अथवा शिकायत की दशा में तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, एसआई अच्छेलाल यादव, श्याम लाल, रमाशंकर, हेड कांस्टेबल इमरान, राजेश मौर्य सहित पीआरवी कर्मियों के साथ वाहन मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### हाईटेंशन बिजली के पोल पर चढ़ा युवक, हड़कंप



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** घुघली थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में शुक्रवार सुबह एक अजीबोगरीब घटना ने सभी को चौका दिया। गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित हाईटेंशन बिजली के पोल पर एक युवक चढ़ गया, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह करीब 7:30 बजे युवक ने अपनी साइकिल को किनारे खड़ा किया और पोल पर चढ़ना शुरू कर दिया। एक ग्रामीण ने उसे देखा और तुरंत गांव वालों को सूचित किया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घुघली थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, युवक किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है और पोल पर ही बैठा हुआ है। पुलिस लगातार उससे बातचीत कर रही है, ताकि उसे सुरक्षित नीचे उतारा जा सके। थाना अध्यक्ष कुंवर गौरव ने बताया कि युवक से संवाद स्थापित करने और उसके इस कदम के कारणों को समझने की कोशिश की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। गांव वालों के बीच चर्चा है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है, लेकिन अभी तक युवक के पोल पर चढ़ने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और स्थानीय लोग लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है, और सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पुलिस युवक को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल होगी या नहीं।

### गोवंश आश्रयस्थल में लापरवाही हुई उजागर ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी निचलौल एवं खण्ड विकास अधिकारी मिठौरा की पत्र संख्या 4844 एस0टी0 25 सितम्बर 2025 के अनुसार, गौवंश आश्रयस्थल मदनपुरा में अनियमितताओं की जांच की गई। जांच में पाया गया कि एक मृत पशु था, जिसे एम्बुलेंस बुलाकर पोस्टमार्टम और दाह संस्कार के लिए भेजा गया। वहीं दो बीमार पशुओं का इलाज भी पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। जानकारी के मुताबिक, जांच रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि मृत पशु की सूचना समय पर उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई, और उसका दाह संस्कार एवं पोस्टमार्टम भी विलंब से कराया गया। बीमार पशुओं का उपचार संतोषजनक ढंग से नहीं किया गया, जिससे आश्रयस्थल की वर्तमान स्थिति गंभीर बनी रही।
**उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना:-** चारा रूम में लगभग 20 बोरी साइलज मौजूद थे, लेकिन अन्य पशुओं के आहार के संबंध में पूछने पर केयर टेकर ने कहा कि वह ग्राम प्रधान के घर पर रखा गया है। इस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जांच में स्पष्ट हुआ कि ग्राम पंचायत अधिकारी श्री कौशलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने अपने दायित्वों का पालन करने में लापरवाही बरती और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। विभागीय समीक्षा बैठकों में उनकी प्रगति हमेशा असंतोषजनक रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, इसके परिणामस्वरूप, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के आदेश पर जिला पंचायत राज अधिकारी महराजगंज के निर्देश पर कौशलेन्द्र कुमार कुशवाहा को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता, महगाई भत्ता और अन्य वेतन मानदंड नियम-63 के अनुसार दिया जाएगा। निलंबन काल में वह कार्यालय से संबंधित रहेंगे और जांच अधिकारी पृथक रूप से नियुक्त किए जाएंगे।

## ठोकर खाते पहुंच रहे भक्त मां के दरबार सड़क की नहीं कराई गई मरम्मत

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सीखड़ क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता के दरबार में पद यात्रा करते आने वाले भक्तों को मां के दर्शन के लिए ठोकर खाना पड़ रहा है।

बता दे कि अदलपुरा से शीतला धाम जाने वाले मार्ग व मंदिर के पास गलियों में बड़े बड़े गड्ढे हो गए। जिससे वाराणसी से पदयात्रा करते हुए मां के दर्शन पूजन करने आने वाले भक्तों को ठोकर खाना पड़ रहा है। स्थानीय मां के पुजारी रूपलाल, चंदन साहनी, विजय साहनी आदि ने बताया कि सड़क में नवरात्रि से पहले का गड्ढा हुआ है। संबंधित विभाग द्वारा इसको भरा नहीं गया। जिससे दूर दराज से दर्शन को आने वाले भक्तों को ठोकर खाना पड़ रहा है। जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क कि मरम्मत कराने कि मांग किया है।



## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सीओ ने किया जागरूक

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना हथेड़ा गांव स्थित श्याम लाल मौर्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति फेज 5.0 तहत छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने छात्राओं को सरकार द्वारा प्रदत्त हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

कहा की बिना किसी डर के हेल्पलाइन नंबर पर अपनी समस्या को साझा कर सकती है शिकायत को गोपनीय रखा जाता है। महिला आरक्षी सलोनी दिवाकर ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओ को सरकार द्वारा महिलाओ के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड लाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, अग्नि सेवा नंबर 101, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओ एवं नवजात शिशुओ के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102 कि जानकारी देते हुए जागरूक किया है।



वहीं महिला आरक्षी पूजा चौहान द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्कॉयड, ऑनलाइन फेमली, महिला, वोमेन पावर 1090, महिला साइबर सेल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मातृ शक्ति को संबल, आदि योजनाओ कि जानकारी दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा की शासन द्वारा महिलाओ छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर बनाये गए है। बिना किसी डर के नंबर का उपयोग कर सकते है। शिकायत कर्ता की शिकायत को गोपनीय रखा जायेगा। महिलाओ की सुनवाई महिला कांस्टेबल द्वारा किया जाता है। डरने कि आवश्यकता नहीं है। थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है।

विद्यालय की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 102, 1930 आदि के उपयोग की जानकारी को साझा किया गया। इस दौरान इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जेपी मौर्य, एसआई रमाशंकर, हेड कांस्टेबल इमरान खान, मोती यादव, विश्वनाथ, खोभारी सिंह यादव सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

## ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गड़बड़ा गोकुल व गलरिया में शुक्रवार को आयोजित ग्राम एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

ग्राम पंचायत गड़बड़ा गोकुल में आयोजित ग्राम ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में में एडीओ एसटी सुशील कुमार व सीएम फेलो गौरव सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय की मांग को रखा एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गलरिया के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल एडीओ एसटी सुशील कुमार व सीएम फेलो गौरव सिंह के देखरेख में सम्पन्न हुआ। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान गुलाब पटेल व पंचायत सहायक दोनों अनुपस्थित रहे। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को एडीओ एसटी व सीएम फेलो द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में जागरूक किया गया। चौपाल में कार्रवाई रजिस्टर बुकलेट और कोई रजिस्टर अधत्न नहीं था और मौके पर पाया भी नहीं गया। एडीओ एसटी व सीएम फेलो द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया ग्रामीणों ने चौपाल में देवरी पूरब गांव में हर घर नल जल योजना का पानी की आपूर्ति नहीं होने की बात को रखा। बताया की राधे के घर के आसपास और हरिजन बस्ती में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। देवरी पुरब में विद्युत आपूर्ति नहीं है। विद्या पत्नी हरिशंकर का प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में हुआ था जिनको जननी सुरक्षा योजना का पैसा नहीं मिला है। इस दौरान सचिव विनय यादव, प्रधान प्रतिनिधि गड़बड़ा गोकुल रजनीश गुप्ता, सहित आदि मौजूद रहे।



### कीचड़ से होकर गुजरने को विवश हैं भक्त



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम के गलियों में जलजमाव होने से दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्तों को कीचड से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे भक्तों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। क्षेत्र में सबसे प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में भक्तों का रेला लगता है। नवरात्रि के मेला के तैयारियों का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लालगंज महेंद्र सिंह ने जायजा लिया था। इसके बाद भी गड़बड़ा धाम के गलियों में जल निकासी व्यवस्था का प्रबंध नहीं होने से जल जमाव होने से नवरात्रि में आने वाले भक्तो को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### छात्रों ने पेंटिंग बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का दिया परिचय

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला गंगा समिति एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विंध्य धाम में पांचवे दिन गीता स्वामी शताब्दी इंटर कॉलेज महुआरी कला के छात्रों ने पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, गंगा स्वच्छता, वृक्षारोपण थीम पर पेंटिंग बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में 40 छात्रों ने प्रतिभाग किया। एक घंटे के निर्धारित समयावधि में छात्रों ने चार्ट पर पेंटिंग बनाकर परीक्षण के लिए प्रस्तुत किया। वन क्षेत्राधिकारी नगर एस पी वर्मा ने बताया कि उप प्रभागीय वनाधिकारी शेख मुअज्जम दो सदस्यीय टीम के साथ पेंटिंग का मूल्यांकन करेंगे। प्रथम तीन स्थान पर चयनित छात्रों को एक अक्टूबर को रोडवेज परिसर स्थित प्रदर्शनी में प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गंगा वारियर सुवाष चंद्र ओझा प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह,कुलदीप श्रीवास्तव उप वन क्षेत्राधिकारी विपिन सिंह,अनुपम पांडेय,मनोज कुमार पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इसके पूर्व चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक व सर्जनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया था। इस दौरान गंगा वारियर व वन क्षेत्राधिकारी शिक्षकों एवं छात्रों ने स्वच्छता अभियान के तहत झाडू लगाकर रोडवेज परिसर को साफ-सुथरा कर दिया।

## लक्ष्मीपुर एकडंगा गोलीकांड मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मीपुर एकडंगा के पुरुषोत्तमपुर गांव में गुरुवार की रात चोर और ड्रोन की अफवाह के दौरान गोली चलने से तीन किशोरियों सहित चार लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सिंदुरिया थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय को निलंबित कर दिया है।

पुलिस ने अरोपित गौतम सिंह को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर असलहा भी बरामद कर लिया है। घटना सिंदुरिया थाना क्षेत्र में रात लगभग 9:30 बजे हुई है। गांव के लोगों ने बताया कि रात में अचानक किसी ने ड्रोन और चोर दिखने की बात कही।

अफरा-तफरी में लोग इकट्ठा हो गए और इसी दौरान उक्त गांव निवासी गौतम सिंह ने गोली चला दी। जिससे समीप में खड़ी पितांबर की दो बेटियां प्रतिमा (16 वर्ष) और ज्योति (14 वर्ष) घायल हो गई। पास में खड़ी गांव की किशोरी गीता (14 वर्ष) व नर्वदा (45 वर्ष) को भी पैर में गोली लग गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्वजन सभी घायलों को लेकर महराजगंज के एक निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रतिमा को गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। शेष तीन घायलों का उपचार महराजगंज में चल रहा है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने अस्पताल पहुंच कर घायलों को हाल जाना। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण में सिंदुरिया थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। गोली चलाने के आरोपित गौतम सिंह को संतकबीर नगर के मुसहरा गांव से उसके साढ़ू के घर से गिरफ्तर कर लिया गया है

लक्ष्मीपुर एकडंगा के पुरुषोत्तमपुर गांव में गोली लगने से तीन किशोरियों सहित चार लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस को कानोकान खबर नहीं लग पाई। पूरे मामले में आरोपित ही आगे- आगे चलते रहे। स्थानीय पुलिस को खबर नहीं हो पाई और अरोपितों ने ही स्वजन के साथ मिल कर घायलों को महराजगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया।

घायलों के भर्ती होने के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपितों ने मामले को दबाने का प्रयास किया। थाने के दलाल भी मामले को मैनेज करने में जुट गए। पूरे प्रकरण में लारवाही उजागार होने के बाद सिंदुरिया थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय भी आ गए, और उन्हें निलंबित कर दिया गया।

## शौचालय घोटाले में लटकी कार्रवाई, हाईकोर्ट ने कहा- तुरंत हो फैसला

**दोषियों के खिलाफ तत्काल हो कार्रवाई : हाईकोर्ट**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नौतनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम मदरहा ककटही में शौचालय निर्माण को लेकर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। पूर्व ग्राम प्रधान नजर आलम के कार्यकाल में किए गए शौचालय निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं की शिकायत ग्रामीण विजय पुत्र जीते ने की थी।

शिकायत पर हुई जांच में यह साफ हो गया कि 396 शौचालयों की जगह मात्र 219 शौचालयों की ही जांच हुई और उनमें से 218 शौचालय बने ही नहीं है

जानकारी के मुताबिक, जांच रिपोर्ट के आधार पर 14 जुलाई 2025 को संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराने तथा शासकीय कार्मिकों के खिलाफ निलंबन अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन हैरानी की बात है कि दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। तब उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित ग्रामीण विजय ने इस पर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया। 21 अगस्त 2025 को भी उन्होंने लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन कार्रवाई न होने से आहत होकर उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली।




रिट सिविल संख्या 31800/2025 विजय बनाम स्टेट ऑफ यूपी राज्य व अन्य में 11 सितंबर 2025 को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 21 अगस्त 2025 को दिए गए आवेदन पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

कोर्ट ने कहा कि मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित आवेदन पर जल्द से जल्द फैसला लिया जाए। गांव के लोगों का कहना है कि शौचालय योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए थी, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही से यह योजना धरातल पर उतर ही नहीं पाई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हाईकोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## त्योहारों के दृष्टिगत शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन के निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में आज मंडलायुक्त अनिल धींगरा और डीआईजी गोरखपुर रेंज एस. चिनप्पा ने मिशन शक्ति 5.0 और नवरात्रि व अन्य आगामी पर्वों की तैयारियों की समीक्षा की।

कमिश्नर ने सबसे पहले मिशन शक्ति 5.0 के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रमों और महिलाओं की भागीदारी के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कमिश्नर ने कार्यक्रमों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मीडिया के माध्यम से इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही शासन द्वारा प्रेषित पैंफलेट ग्राम और वार्डवार वितरित किए जाएं और कार्यक्रमों की फोटो रिपोर्ट मिशन शक्ति पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को प्रकाशित कर आम जनता तक पहुंचाया जाए। जानकारी के मुताबिक, त्यौहारों की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सभी एसडीएम/ सीओ को संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करने और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने मिशन शक्ति और त्यौहारों के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। डीआईजी चिनप्पा ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कारों पर लगी काली फिल्म हटवाने और महिला हेल्प सेंटर को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्गापूजा और अन्य जुलूसों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा के बाद दोनों अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं को मिशन शक्ति का पैंफलेट वितरित किया और महिला सुरक्षा को लेकर सरकार के प्रयासों से अवगत कराया। इसके उपरांत उन्होंने सक्सेना चौक से बलिया हनुमानगढ़ी चौराहा तक फ्लैग मार्च भी किया। इस दौरान डीएम संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एएसपी सिद्धार्थ, सभी एसडीएम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक के धक्के से घायल महिला की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा अदवा मार्ग हथेड़ा गांव में गुरुवार की दोपहर बाइक के धक्के से घायल महिला की उपचार के दौरान रात्रि में मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी नचक की 50 वर्षीय पत्नी शिला सड़क पा कर रही थीं की हलिया की तरफसे आ रहे तेजगति से बाइक सवार ने महिला को धक्का मार दिया जिससे महिला घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ़र कर दिया। जहां पर महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बाइक के धक्के से घायल महिला की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।